जानकारी के अनुसार गांव निवासी जतन सिंह (50) पुत्र हरनाम सिंह शाम करीब चार बजे अपने खेत पर सबमर्सिबल पंप चलाने गए थे। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहा एलटी लाइन का तार अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। करंट की चपेट में आने से वह मौके पर ही गिर पड़े और बेहोश हो गए। पास में खेत पर काम कर रहे किसानों ने उन्हें जमीन पर पड़ा देखा तो शोर मचाया और परि. जनों को सूचना दी। परिजन उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक गांव के वर्तमान प्रधान जबर सिंह के छोटे भाई थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और दोनों बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि बड़ा बेटा मनीष कुमार अमरोहा में नौकरी करता है, जबकि छोटा बेटा मयंक है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

# जच्चा की मौत पर अस्पताल में काटा हंगामा

## स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की ओटी सील की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। हसनपुर। अस्पताल की लापरवाही ने जच्चा महिला की जान ले ली। गुस्साये परिजनों ने अस्पताल जमकर हंगामा काटा है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की ओटी को सील कर दिया है।

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव सुल्तान ठेर निवासी रजनी पत्नी नेपाल सिंह को गुरुवार की दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर हसनपुर के बाईपास मार्ग स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। चिकित्सक की बड़ी लापरवाही के कारण महिला की हालत बिगड़ गई। आनन फानन में महिला को मेरठ ले जाया जा रहा था। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अस्पताल में जमकर बवाल होने लगा। गुस्साये परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। जिसके बाद चिकित्सा कर्मी और डॉक्टर मौके से फरार हो गये। परिजनों का आरोप था कि प्रसव के दौरान डॉक्टरों ने घोर लापरवाही बरती है। जिसके कारण रजनी की स्थिति बिगड़ गई और उसकी मृत्यु हो गई। राहत की बात यह रही कि नवजात शिशु पूरी तरह सकुशल है। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण उग्र हो गये। स्थिति को



बिगड़ता देख अस्पताल का स्टाफ और डॉक्टर अस्पताल छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलते ही क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच गये। और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई कर दी। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक रजनी अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को रोते-बिलखते छोड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे प्रशासन से दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप था कि अस्पताल संच. ालक स्वयं तो डिग्री धारक है। लेकिन उसने किसी अन्य डॉक्टर से महिला का ऑपरेशन कराया था।

# माफिया व हिस्ट्रीशीटरों पर करें कड़ी कार्रवाई

## एसपी ने समीक्षा कर दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी ने टॉप टेन अपराधियों व चिन्हित माफिया के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई का रिपोर्ट कार्ड चेक किया। आगे भी प्रभावी कार्रवाई जारी रखने बात कही। दो टूक कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी अवैध कारोबार नहीं होना चाहिए और न ही आगे पनपना चाहिए। शिकायत अगर मिली तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने, जिले में जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ की तस्करी, अवैध शराब की बिक्री, गोकशी व अन्य अवैध कामों पर संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने तथा जिला बदर व गुंडा एक्ट की कार्रवाई करने पर जोर देते हुए एसपी ने लंबित विवेचनाओं को गुणदोष के आधार पर जल्द पूरा करने के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजीआरयू व आईजीआरएस थानेवार समीक्षा करते हुए उनकी निष्पक्ष व समयबद्ध जांच के निर्देश दिए। एसपी ने अपराध स्थिति, विवेचना निस्तारण, गैंगस्टर, लंबित आरोप पत्र, फुट पेट्रोलिंग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वांछित, गैर जमानती वारंटियों और इनामी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए। लंबित एसआर केस(हत्या, लूट, दुष्कर्म, महिला अपराध, डकैती व पॉक्सो एक्ट) में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया समेत सर्किल सीओ, थाना व शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# खेत स्वामी पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

## बीते दिन करंट से हुई थी मिस्त्री की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। खेत की तारबंदी में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर मिस्त्री की मौत के मामले में पुलिस ने खेत स्वामी कविंद्र के खिलाफ गैर इरादातन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के पिता की तहरीर पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को घर पहुंचे शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

गुरुवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे यह हादसा थाना क्षेत्र के गांव धनौरी मीर में हुआ था। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव खजूरी निवासी योगेश की गांव में सबमर्सिबल मोटर रिपेयरिंग की दुकान थी। प्यास लगने पर वह किसान कविंद्र सिंह निवासी गांव सदरपुर के खेत पर पानी पीने के लिए ट्यूबवेल की ओर गया था। इसी बीच खेत में की गई तारबंदी से हाथ लग गया था। जिसमें करंट दौड़ रहा था। करंट लगने से योगेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया था। गुस्साए परिजनों ने करीब सात घंटे तक शव उठने नहीं दिया था। खेत स्वामी को मौके पर बुलाने की जिद में पुलिस की मौजूदगी के बीच जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने बमुश्किल आक्रोशित आक्रोशित परिजनों को समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मामले में मृतक के पिता धर्मवीर सिंह की तहरीर के आधार पर खेत स्वामी कविंद्र के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पटाखा छोड़ने के विरोध पर युवकों ने की मारपीट

## बचाव को आए युवक को भी पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। कस्बे के शेरपुर चुंगी के पास पटाखा छोड़ने का विरोध करना एक युवक और उसके साथी को भारी पड़ गया। आरोप है कि बाइक सवार युवकों ने विरोध करने पर लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर दिया, जिसमें दो लोग घायल हो गए।

मोहल्ला गांधी नगर निवासी नरेश कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 अप्रैल को विपुल पुत्र धनगौर सिंह अपनी मां के साथ जिला सहकारी बैंक से घर लौट रहा था। रास्ते में शेरपुर चुंगी के पास कुछ युवक बाइक से पटाखे छोड़ रहे थे। इस पर विपुल और उसकी मां ने विरोध किया। आरोप है कि इसी बात को लेकर फैजान पुत्र यासीन, रोहन पुत्र यासीन, वश गुप्ता उर्फ फीजल पुत्र राजेश गुप्ता निवासी अट्टा और उनके एक अन्य साथी ने विपुल पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और सरियों से मारपीट की और गाली-गलौज की। शोर सुनकर वहां पहुंचे विवेक कुमार पुत्र नरेश कुमार ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। हमले में विवेक का सिर फट गया, जिसमें आठ टांके आए हैं। दोनों घायलों का इलाज सरकारी व निजी अस्पताल में कराया गया।

# 41 नोडल शिक्षकों को बीएसए ने किया सम्मानित

## छात्रवृत्ति परीक्षा की कराई थी तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। बीएसए ने राष्ट्रीय आय एवं योगिता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने वाले 41 नोडल शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा . मोनिका ने कार्यालय सभागार में 41 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीएसए ने अध्यापकों के प्रयास की सराहना करते उन्हें आगे भी छात्रों के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा को पास करने वाले छात्र छात्राओं को कक्षा 12 तक की पढ़ाई पूर्ण करने हेतु आगामी चार वर्षों तक प्रतिवर्ष बारह सौ की छात्रवृत्ति के रूप में भारत सरकार द्वारा उनको खातों में भेजा जाएगा। छात्रवृत्ति योजना में जनपद अमरोहा के माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग को आवंटित कुल 194 सीटों के सापेक्ष बेसिक शिक्षा विभाग से 165 छात्र छात्राएं इस परीक्षा में अपना स्थान पक्का करने मे सफल रहे। विद्यालय अलीपुर खादर से आठ छात्र छात्राओं का चयन हुआ। विद्यालय चकन वाला से सात छात्र छात्राओं व चौहड बगद से छह छात्रों का जबकि वाजिद पुर से पांच छात्रों और अमरोहा देहात विद्यालय से छह छात्रों का चयन हुआ। जिन विद्यालयों से तीन या तीन से अधिक छात्र छात्राओं का चयन हुआ उनको तैयारी कराने वाले राकेश कुमार,अंजली त्यागी,ललित कुमार,सचिन तंवर व अलका सिंह को सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राजदीप सिंह, मनोज कुमार, सतवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, तरुण कुमार, सतेंद्र सिंह, विजेंद्र, अरविंद, ब्रह्मज्ञान, रजनी रानी, गीता, प्रीति, सौरभ, चंचल पाल मौजूद रहे।

# किसान की दस बीघा गेहूं की फसल राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर में आग ने कहर बरसाते हुए किसान की 10 बीघा गेहूं की फसल जलाकर रख कर दिया।

हसनपुर तहसील क्षेत्र में भीषण गर्मी होने के साथ ही तेज हवा आग लगने की वारदातों में बढ़ोतरी कर रही है। तहसील क्षेत्र में लगातार आग किसानों की मेहनत से तैयार की गई फसलों को जला रही है।फूलपुर में एक किसान की मेहनत पलभर में जलकर राख हो गई। किसान मान. सिंह द्वारा काटकर रखी गई करीब 10 बीघा गेहूं की फसल में गुरुवार शाम अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तैयार फसल जल जाने के कारण किसान व उसका परिवार गमगीन है।

# दिन निकलते ही आसमान से बरस रही आग

## धूप की तपिश से झुलस रहे लोग, शुक्रवार को 40 डिग्री रहा तापमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। शुक्रवार को भीषण गर्मी रही। दोपहर के समय ऐसा लगा जैसे आग बरस रही हो। तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के थपेड़ो ने जीना मुहाल कर दिया है। चेहरा तो छोड़िए तपिश से पूरा तन झुलस रहा है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिक गर्मी को देखते हुए लोगों ने घरों में रहना ही सुरक्षित समझा। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय रोडवेज बसों और रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ नहीं दिखाई दे रही। विशेषज्ञों ने गुरुवार ओर शुक्रवार को पारा बढ़ने की आशंका को देखते हीट वेव की रफ्तार को लेकर चेतावनी जारी की थी। तो वही जिला प्रशासन ने हीट वेव से बचाव और राहत को अलर्ट जारी किया। चिलचिलाती धूप और आसमान से बरस रही आग से लोग बेहाल है। दिन की शुरुआत से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। चिलचिलाती धूप में मौसम का मिजाज गर्माने लगा है। तेज धूप और तपिश से बचने के लिए लोग अपने जरूरी काम सुबह और शाम में निपटा रहे है। तापमान में अचानक अधिक बढ़ोतरी से लोग बीमारी की चपेट मे आ रहे है। उल्टी दस्त और बुखार के मरीजों को संख्या बढ़ गई है। हीट वेव के खतरे को देखते हुए अलर्ट हुए स्वस्थ विभाग ने अस्पताल में मरीजों की जांच व इलाज की कवायद तेज कर दी है। मौसम मे बढ़ती गर्मी के बीच सरकारी व निजी अस्पतालों में डायरिया, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीज बढ़े हुए है। अस्पतालों में डॉक्टर के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लग रही है। जिला अस्पताल में लू लगने, डायरिया, डिहाइड्रेशन के मरीजों की जांच और दवाओ के पर्याप्त इंतजाम के साथ मरीजों को भर्ती करने के लिए अलग से बेड़ का इंतजाम किया गया है। लू से जनहानि की आशंका को देखते हुए सरकारी तंत्र राहत और बचाव को लेकर अलर्ट हो गया है। दोपहर में तेज धूप के संपर्क में आने से बचने, खूब पानी पीने, बाहर जाते समय शरीर और चेहरे को ढककर निकलने व पानी की बोतल साथ रखने और छत का इस्तेमाल करने , आम पन्ना, छाछ का सेवन करने की हिदायत लोगों को दी जा रही है।

# फर्जी आधार पर क्लेम खारिज करना पड़ा भारी

## नौ प्रतिशत ब्याज से करना होगा क्लेम का भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीमा कंपनी द्वारा क्लेम खारिज किए जाने के मामले में जिला उपभोक्ता फोरम ने मृतक के परिजनों को कंपनी द्वारा 20 लाख रुपये की बीमा राशि के साथ ब्याज और क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया। आयोग ने कंपनी के रवैये को सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार करार दिया।

कस्बा नौगावां सादात के मोहल्ला फखरपुरा निवासी मोहम्मद निहाल के भाई मोहम्मद जफर ने एक निजी बैंक के माध्यक्ष से ग्रुप टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी, जिसकी बीमित राशि 20 लाख रुपये थी। 7 अक्तूबर 2023 को अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद मोहम्मद जफर की आकस्मिक मौत हो गई। इसके बाद मोहम्मद निहाल ने बीमा कंपनी में क्लेम का आवेदन किया, लेकिन कंपनी ने जांच का हवाला देते हुए दावा खारिज कर दिया। इसके बाद कंपनी ने पॉलिसी निरस्त करते हुए सिर्फ जमा प्रीमियम राशि वापस कर दी। कंपनी का तर्क था कि मोहम्मद जफर ने बीमा लेते समय अपने स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई थी, हालांकि कंपनी अपने इस दावे को साबित नहीं कर सकी। निर्णय के खिलाफ परिवादी मोहम्मद निहाल ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली थी, जिसकी सुनवाई आयोग के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह एवं महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित

**कम्पनी को नौ प्रतिशत ब्याज से देनी होगी बीस लाख की रकम**

ने की। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि कंपनी ने पॉलिसी निरस्तीकरण का पत्र मोहम्मद जफर की मौत के लगभग 23 दिन बाद जारी किया, जो संदेहास्पद है। आयोग ने अपने फैसले में साफ कहा कि बीमा कंपनी यह साबित करने में नाकाम रही कि मोहम्मद जफर ने पॉलिसी में कोई तथ्य छिपाया था या कोई गलत जानकारी दी थी। कंपनी ने मोहम्मद जफर के परि. जनों को कोई पूर्व सूचना या स्पष्टीकरण मौका नहीं दिया। आयोग ने पूरे आचरण को सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में रखा। फैसला सुनाते हुए आयोग ने बीमा कंपनी को पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान करने का आदेश दिया। इसके अलावा एक अगस्त 2025 से भुगतान की तिथि तक 9 प्रतिशत ब्याज भी बीमा कंपनी को देना होगा। मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 10 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# घर में आग लगने से लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। घर में आग लगने से लाखों रूपये का नुकसान हो गया। घटना के समय परिवार खेत पर गेंहू की कटाई करने गया था। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बतायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार शिवाला कला थाना क्षेत्र के ग्राम सेला निवासी नसीम पुत्र मुन्ने के कस्बे में किराये के मकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। जब नसीम अपने पूरे परिवार के साथ गांव सेला में गेहूं कटाई के लिए गए हुए थे। इसी दौरान मकान में अचानक शॉर्ट

**शार्ट सर्किट से लगी आग, परिवार गया था गेहूं काटने**

सर्किट होने से आग भड़क उठी। आग लगने की जानकारी आसपास के लोगों को धुआं उठता देख हुई। जब तक लोग मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश करते, तब तक आग ने घर में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में घर में रखा पहनने का कपड़ा, जैकेट, मच्छरदानी सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, आग से पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# ई-रिक्शा की टक्कर से अधेड़ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ई-रिक्शा की भीषण टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की रात गयूर पुत्र मकबूल निवासी मोहल्ला लालबाग रेतिया रहरा अड्डे के समीप खड़ा हुआ था। ई-रिक्शा ने गयूर को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि व्यक्ति सड़क पर काफी दूर तक घिसटता चला गया। जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अपनी गाड़ी से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार जारी है।

# दिव्यांग युवक के शव की हुई पहचान

## शिवनगर के जागन का था शव, परिजनों ने किया अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ट्राईसकिल पर मिले विकलांग के शव की शिनाख्त हो गई। मृतक थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में कल्याणपुरा रोड स्थित मोहल्ला शिव नगर निवासी पुन्नूलाल सैनी का बेटा जागन था। पोस्टर्मार्टम के बाद शुक्रवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बुधवार की रात जेएस हिंदू कॉलेज चौराहे पर एक विकलांग का शव ट्राइसकिल पर मिला था। उस समय मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रख दिया था। गुरुवार को देर शाम परिजन बेटे को ढूंढते हुए मोर्चरी पहुंचे। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त जागन के रूप में की। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि विकलांग होने के कारण युवक बीमार रहता था, दिनभर वह इधर उधर घूमता रहता था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

# गन्ना भुगतान की मांग को गरजी भाकियू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में भाकियू (असली) की मासिक पंचायत का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंचायत में किसानों की रोजमर्रा की समस्याओं को लेकर खुलकर चर्चा हुई और समाधान की मांग उठाई गई।पंचायत में एक सुर में कहा गया कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने गन्ना विकास समिति के भवन निर्माण को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले संबंधित जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए और बैनामे के आधार पर ही निर्माण कार्य शुरू हो, ताकि आगे कोई विवाद न हो। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने जिला सहकारी बैंकों द्वारा लिए जा रहे सात प्रतिशत ब्याज को ज्यादा बताते हुए इसे घटाकर तीन प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महंगे कर्ज से किसान परेशान हैं। साथ ही आवारा पशुओं की समस्या पर भी नारा. जगी जताते हुए इस पर तुरंत अंकुश लगाने की बात कही। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने सरकारी अस्पताल धनौरा की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सुविधाएं बेहतर की जाएं, ताकि गरीब और मजदूर वर्ग को सही इलाज मिल सके।पंचायत में किसानों ने गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर भी चिंता जताई और जल्द पूरा भुगतान कराने की मांग की।इस दौरान डूंगर सिंह, जसपाल गिल, नरेश कुमार, खचेडू सिंह, जगदीश यादव, अनवर अली, प्रदीप सिंह, अनुज यादव, नन्हे सिंह, जबर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, खेमपाल सिंह, सतपाल सिंह, मनोज त्यागी, महिपाल सिंह, समरपाल सिंह, जयदेव सिंह, टीकम सिंह, श्यामवली यादव, भूरे सिंह, बॉबी सिंह, कामेंद्र सिंह, सुनील सिंह, सतपाल यादव, धर्मपाल यादव समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ भाकियू ने भरी हुंकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू (शंकर) ने हुंकार भरी है। तहसील में विशाल धरना देखा पोस्टपेड मीटर लगवाये जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटरों को ष्खून चूसकष बताते हुए आरोप लगाया कि इनके कारण 700 रुपये का बिल सीधे 5 हजार तक पहुँच रहा है। संगठन ने एसडीएम को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कार्यालय में सौंपकर कहा कि स्मार्ट मीटर हटाकर पोस्टपेड मीटर लगें और 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिले।छुट्टा पशुओं से निजात दिलाई जाये। गन्ना भुगतान और चकबंदी में भ्रष्टाचार की जाँच हो।हसनपुर-अतरासी चौराहे पर गोलचक्कर निर्माण और तहसील का वैकल्पिक गेट खुले। राष्ट्रीय ष्चौधरी दिवाकर सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 30 अप्रैल तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 1 मई से विद्युत अधिशासी अभियंता कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जायेगा। प्रदर्शन में सरजीत चौहान, कैप्टन वीर सिंह सहित सैकड़ों किसान व महिलाएं मौजूद रहीं।

# घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ताई के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे युवक को विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजन सुबह मृतक के शव को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार न करने पर नाराजगी जताई, हालाँकि पुलिस ने परिजनों को आरो. पियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए आश्वस्त किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार हसनपुर क्षेत्र के गाँव दूल्हेपुर अहीर निवासी अशोक कुमार 22 अप्रैल को ताई के अंतिम संस्कार में शामिल होने बाइक द्वारा कांकाठेर मार्ग से तिगरी जा रहा था। तिगरी से पहले एक दूसरी बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। परिजनों ने घायल को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि पिता चंद्रपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार की सुबह अशोक कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजन सुबह मृतक के शव को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार न करने पर नाराजगी जताई, हालाँकि पुलिस ने परिजनों को आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए आश्वस्त किया।

# ग्रामों के उत्थान के लिए काम कर रही सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में नगर के खंड विकास कार्यालय के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी) और ग्राम प्रधान की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार का शहरों के साथ साथ ग्रामों के विकास पर भी पूरा ध्यान है। शुक्रवार को आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि गजरौला विकास खंड में भी कोई गांव ऐसा नहीं है जहां पर समुचित विकास न हुआ हो। खंड विकास अधिकारी लोकचंद आनंद के साथ ही एडीओ ग्राम विकास संजीव कुमार तुरैहा, एडीओ पंचायत सतेंद्र सिंह, एडीओ पंकज कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सौरभ कुमार ने अपनी अपनी विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख पति वीरेंद्र चौधरी ने भी केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक के अंत में नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने महत्वपूर्ण संसोधनों के लोकसभा में न पारित होने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की ओर से ब्लॉक प्रमुख के समक्ष राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को सम्बोधित निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**■ ब्लॉक प्रमुख ने ली बीडीसी सदस्यों व प्रधानों की बैठक**




# शहबाजपुर से दिल्ली के लिए सीधी बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** वर्षों के लंबे इंतजार के बाद गांव जेवड़ा शाहबाजपुर के लोगों का सपना आखिरकार साकार हो गया। आजादी के लगभग 50 साल बाद गांव को पहली बार राजधानी दिल्ली के लिए सीधी बस सेवा की सौगात मिली है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की 'गांव को शहर से जोड़ने' योजना के तहत शुरू की गई इस सेवा से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नई बस सेवा जेवड़ा शाहबाजपुर से शुरू होकर हाकमपुर, हत्या खेड़ा, तीसरा मिल, हसनपुर और गजरौला होते हुए आनंद विहार (दिल्ली) तक पहुंचेगी। वहीं दिल्ली से वापसी में बस सुबह 10:30 बजे आनंद विहार से रवाना होकर दोपहर लगभग 1:00 बजे शाहबाजपुर पहुंचेगी। इस सीधी सेवा से अब ग्रामीणों को दिल्ली आने-जाने में काफी राहत मिलेगी।

# सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**■ गर्मी से मौत भी हो सकती है वजह**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक अधेड़ सड़क किनारे मृतावस्था में मिला। आशंका है कि उसकी मौत गर्मी के कारण हुयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव ख्यालीपुर में गैस गोदाम पर जाने वाले मार्ग पर एक अधेड़ आयु का व्यक्ति सड़क किनारे पड़ा था। देखने में भिक्षुक जैसा प्रतीत हो रहा था। लोगों ने पास में जाकर तो वह मृत था। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी के लिए भेज दिया है और शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

# जुल्फकार अली सपा के ब्लॉकाध्यक्ष मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल के अनुमा. दन पर अमरोहा के जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने गांव शहबाजपुर डोर निवासी जुल्फकार अली को गजरौला ब्लॉकाध्यक्ष मनोनीत किया है।

# ट्रेन की चपेट में आकर फैक्ट्री कर्मी की मौत

**■ गढ़मुक्तेश्वर के रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना, डयूटी करके लौट रहे थे घर**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मौहल्ला बसंत विहार निवासी युवक की गढ़मुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना का पता चलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक दो बच्चों का पिता था। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बसंत विहार निवासी नरेन्द्र शर्मा (40) पुत्र पुष्कर शर्मा हापुड़ जनपद क्षेत्र में डेयरी कम्पनी में काम करता था। बताते हैं कि वह शुक्रवार को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से घर लौट रहा था। गढ़ में ट्रेन रूकी तो वह पानी पीने के लिए उतर गया। दो मिनट बाद ट्रेन ने चलने के लिये सीटी बजा दी। इसी बीच नरेन्द्र शर्मा ट्रेन में चढ़ने के लिए चल पड़े, जैसे ही वह ट्रेन में चढ़े त्यों ही उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन के नीचे आ गए और इस हादसे में उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उनके परिजनों को सूचित किया। घटना का पता चलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गयी।

# शत प्रतिशत रहा जेएस इंटर कालेज का रिजल्ट

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज का इस वर्ष का परीक्षाफल शानदार रहा। इंटर विज्ञान वर्ग में पलक ने 83.4% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अमित कुमार और कौशल चहल क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। हाईस्कूल में जैकी ने 88% अंक के साथ टॉप किया, वहीं लवित और ललिता ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रथम व द्वितीय श्रेणी में सफलता पाई। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रधानाचार्य डा. जीपी सिंह, प्रबंध समिति व शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# आदमपुर में सफाई के सिपाही का सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददातारहरा।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत आदमपुर में आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मी अनीस कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान विजय कुमार की मौजूदगी में प्रधान पुत्र रिंकू सैनी ने उन्हें माला पहनाकर व शाल भेंट कर सम्मान दिया। ग्रामीणों ने अनीस कुमार की मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि वे नियमित सफाई के साथ अतिरिक्त समय देकर गांव को स्वच्छ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी विदित यादव ने कहा कि स्वच्छता और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं तथा ऐसे कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान दूसरों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया और गांव के विकास को लेकर सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।

# मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्री बिहारी सिंह कन्या इण्टर कॉलिज में मेधावी छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर जोरदार स्वागत किया गया।

शुक्रवार को श्री बिहारी सिंह कन्या इण्टर कॉलिज, रहरा में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की टॉपर छात्राओं को उनकी शानदार सफलता के लिए सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में कु० वंदना शर्मा ने प्रथम, कु० निकिता ने द्वितीय और कु० हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इण्टरमीडिएट में कु० आरूषी नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कु० इलमा ने द्वितीय और सविता यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संरक्षक डा० सुरेन्द्र सिंह त्यागी एवं प्रधानाचार्य श्यामसुन्दर मौर्य ने सभी मेधावी छात्राओं को माल्यार्पण कर, स्मृति चिह्न भेंट कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती रेखा ठाकुर, राजपाल सिंह, अरविन्द कुमार व अन्य शामिल रहे।

# दस केन्द्रों पर सम्पन्न होगी होमगार्ड परीक्षा

## 28 हजार 224 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित, तीसरी आंख से होगी परीक्षा की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के दस परीक्षा केन्द्रों पर आज से दो पालियों में होमगार्ड परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। परीक्षा की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गयी हैं। यह परीक्षा तीसरी आंख की निगरानी में सम्पन्न होगी। इस दौरान शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। जिसके तहत बड़े वाहनों को तीन दिनों तक शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा जिले में दस परीक्षा केन्द्रों पर आज से दो पालियों में सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा में 28 हजार 224 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकल विहिन सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का दौराकर किया था। परीक्षा के लिए आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज और जेएस हिंदू पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए व बी) केन्द्र बनाये गये हैं। डीएम नितिन गौड़ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन, शांतिपूर्ण और शुचितापूर्ण ढंग से कराई जाए। केंद्रों पर पेयजल, साफ-सफाई, बिजली और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने यातायात और पार्किंग की समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए। इस दौरान शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। जिसके तहत बड़े वाहनों को तीन दिनों तक शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा।

# बुजुर्ग को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने मामले में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव हरियाना निवासी रिहान पुत्र इकबाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब आठ बजे उसके पिता इकबाल घर के बाहर खड़े थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही कमरे आलम, रज्जाक और राजा वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरो. पियों ने इकबाल को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायल का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने परखा फार्मर रजिस्ट्री कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव फतेहउल्लापुर में लगे फार्मर रजिस्ट्री कैंप का शुक्रवार को एसडीएम शैलेष दूबे ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप में चल रही व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

एसडीएम कैंप में पहुंचते ही पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी ली और दस्तावेजों के सत्यापन, ऑनलाइन फीडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय से और सही तरीके से किए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए और किसी भी किसान को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने अपनी समस्याएं भी एसडीएम के सामने रखीं, जिन पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने सभी जरूरी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, खतौनी आदि के साथ समय से कैंप में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं। इससे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। इस मौके पर लेखपाल गुंजन रानी सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल को सराहा और कहा कि कैंप लगने से उन्हें काफी सहूलियत मिल रही है।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, महिला समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददातारहरा।** बच्चों के आपसी झगड़े ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार पर ही हमला कर दिया गया। मारपीट में महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी पूनम पत्नी वीरपाल ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना हैकि बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद को शांत कराने के लिए पूनम मौके पर पहुंची थीं। आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला कर दिया और चाकू, लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर जब पूनम के पति वीरपाल और उनकी सास बचाने आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी निशाना बनाया और लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घटना में तीनों को खुली व अंदरूनी चोटें आई हैं।

# हाईकोर्ट ने इकबाल गुट को किया बहाल

## मुस्लिम कमेटी के चुनाव के विवाद का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एसडीएम सदर द्वारा मुस्लिम कमेटी के बारे में दिये गये फैसले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। जबकि एसडीएम सदर को उच्च न्यायालय ने तलब भी किया है।

बताते चलें कि मुस्लिम कमेटी का विवाद पिछले दो सालों से चर्चाओं में है। सात अप्रैल को एसडीएम सदर ने मुस्लिम कमेटी के सदर इकबाल खां गुट को असंवैधानिक करार दे दिया था। जिस पर इकबाल खां गुट ने अपने अधिवक्ता आरिफ मलिक के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली थी। आज उच्च न्यायालय ने एसडीएम सदर द्वारा दिये गये आदेश को रद्द कर दिया तथा इकबाल खां गुट को बहाल कर दिया। आरिफ मलिक एडवोकेट नेबताया कि हाईकोर्ट ने एसडीएम सदर को तलब किया है तथा इस मामले की अगली तारीख 4 मई निर्धारित की है। यही नहीं हाईकोर्ट ने 21 अप्रैल 2025 को हुए चुनाव को वैध करार देते इकबाल खां गुट की कमेटी को फिर से बहाल कर दिया।

# एचएसपी कालेजों के छात्रों काशानदार रिजल्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र के ग्राम अम्हेड़ा स्थित एच.एस.पी. इंटर कॉलेज में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस बार अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल परीक्षा में रचित चौधरी ने 86 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा चारू ने 85 प्रतिशत, आयुषि ने 84 प्रतिशत, प्रशांत कुमार ने 82 प्रतिशत और नेहा ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में भी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उमरा तूबा ने 86 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया। इसके अलावा इल्मा ने 83 प्रतिशत, जोया ने 82 प्रतिशत, यशप्रीत ने 82.3 प्रतिशत, सचिन ने 81 प्रतिशत, अर्शी और अंशिका ने 80-80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। रिजल्ट आने के बाद विद्यालय में छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंधक संतव. ीर सिंह और प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक ने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह परिणाम संभव हुआ है। वहीं विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

# दो भाईयों ने युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक युवक को दो भाईयों ने पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला आजादनगर निवासी सोनू पुत्र महेन्द्र को मौहल्ले के ही काले व मुकेश पुत्रगण फूल सिंह ने मारपीट करके घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। परिजनों ने सोनू को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, वहीं पुलिस ने सोनू की बहन पूनम की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा राशिद अली व उसकी पत्नी श्रीमति गुलनाज गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन परिवार से झगड़ा करते रहते हैं। कई बार उन्हें समझाने की कोशिश की परन्तु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। जिस कारण मैंने उनसे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

अख्तर पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम सलेमपुर हेमनगर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा

# एसएस हॉस्पिटल पर फिर लगे गंभीर आरोप

- **इलाज से पहले की वसूली, डॉक्टर पर धमकी देने का आरोप**
- **अस्पताल प्रशासन पर अभद्रता का आरोप, डीएम से शिकायत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** अपने कारनामों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाले एसएस हॉस्पिटल पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। एसएस अस्पताल पर गंभीर लापरवाही और अभद्र व्यवहार की शिकायत सिविल लाइन साउथ निवासी गौरव कश्यप पुत्र मंगलसेन कश्यप ने जिलाधिकारी से की है।

उनका कहना है कि उसकी पत्नी नैना कश्यप की तबीयत अचानक खराब होने पर 15 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे एसएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने इमरजेंसी फीस के नाम पर चार हजार रुपये जमा कराए, जिसकी रसीद भी दी गई, लेकिन इसके बावजूद 20 से 25 मिनट तक मरीज का इलाज शुरू नहीं किया गया। पीड़ित के मुताबिक, बार-बार अनुरोध करने के बाद भी डॉक्टर को नहीं बुलाया गया और केवल आश्वासन दिया जाता रहा कि डॉक्टर आ रहे हैं।

गौरव का कहना है कि जब उसने स्टाफ से इलाज शुरू करने की बात कही, तो स्टाफ ने अभद्रता करते हुए मरीज को कहीं और ले जाने की बात कही और जमा की गई राशि लौटाने से भी इनकार कर दिया। आरोप है कि बाद में पहुंचे डॉक्टर ने भी कथित रूप से धमकी भरे लहजे में बात की और पैसे वापस न करने की बात कही। पीड़ित गौरव कश्यप बासू ने इस पूरे मामले की शिकायत सीएमओ व संबंधित थाने में भी दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# नव भारतीय किसान संगठन (अ) के प्रदेश उपाध्यक्ष व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के पद पर मोहम्मद हनीफ मनमीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** किसानों के अधिकारों के लिए समर्पित नव भारतीय किसान संगठन (अ) ने अपनी संगठनात्मक शक्ति को विस्तार देते हुए जनपद पीलीभीत में नई नियुक्तियां की हैं।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल शुक्ला द्वारा जारी पत्र के अनुसार, मोहम्मद हनीफ को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के आधार पर प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यवाहक जिला अध्यक्ष (पीलीभीत) के पद पर मनोनीत किया गया है। पूरनपुर क्षेत्र के निवासी मोहम्मद हनीफ की इस नियुक्ति से स्थानीय किसानों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि मोहम्मद हनीफ से यह अपेक्षा की जाती है कि वे क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

अपनी नई जिम्मेदारी मिलने पर मोहम्मद हनीफ ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और किसानों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया है।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड के रिहर्सल का किया गया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में रिक्रूट आरक्षियों की प्रस्तावित पासिंग आउट परेड के दृष्टिगत आयोजित रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की विभिन्न टुकड़ियों की चाल, अनुशासन, समन्वय एवं प्रस्तुति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को परेड के दौरान शारीरिक दक्षता, एकरूपता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही परेड मैदान की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं अन्य तैयारियों का भी जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। रिक्रूट आरक्षियों को पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह के साथ परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



### खुटार-पूरनपुर टोल प्लाजा पर मैनेजर और गुर्गों की गुंडागर्दी से जनता त्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भारतीय किसान यूनियन भानू ने घेराव का बिगुल फूंका**

**पीलीभीत।** जनपद शाहजहाँपुर और पीलीभीत की सीमा पर स्थित खुटार-पूरनपुर टोल प्लाजा अब भ्रष्टाचार और बदतमीजी का अड्डा बन चुका है। यहाँ तैनात टोल मैनेजर और उसके पाले हुए गुर्गों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे आए दिन दैनिक यात्रियों और अन्नदाता किसानों के साथ अभद्रता और गाली गलौज करने पर उतारू रहते हैं। टोल कर्मियों की इस बेलगाम गुंडागर्दी के खिलाफ अब भारतीय किसान यूनियन भानू ने आर पार की लड़ाई का मन बना लिया है। संगठन के पास लगातार यह शिकायतें पहुँच रही थीं कि टोल कर्मी आम जनता का अपमान करते हैं और नियम कायदों को ताक पर रखकर वसूली में लगे हैं।इस गंभीर मामले को देखते हुए भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी, मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा और जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से टोल प्लाजा के घेराव का ऐलान कर दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि टोल मैनेजर की तानाशाही को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यूनियन के पदाधिकारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि टोल कर्मियों की बदतमीजी और किसानों का अपमान करने का खामियाजा अब इस टोल प्रशासन को भुगतना होगा। जल्द ही तारीख का ऐलान कर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ टोल का चक्का जाम किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर टोल प्रशासन की होगी। वर्तमान में टोल प्लाजा पर तनाव का माहौल है और किसान किसी भी समय यहाँ धावा बोल सकते हैं।

# डीएम का निर्देश बरसात से पहले ड्रेनेज सिस्टम/जल निकासी में करें सुधार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वर्षा ऋतु में बाढ़ के कारण ड्रेनेज सिस्टम/जल निकासी के सुधार हेतु बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नालों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में मानचित्र एवं वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नदियों की वर्तमान स्थिति का विस्तारपूर्वक अवलोकन कराया गया, विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी में उत्पन्न हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नदियों एवं नालों पर हो रहे अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र चिन्हांकन कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ जल निकासी मार्गों को सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागाध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें ताकि आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई/ बाढ़ खंड, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नई बस्ती में वर्षों बाद बनी सीसी सड़क

- **पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया लोकार्पण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विकास को गति देने के क्रम में दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत मोहल्ला नई बस्ती में सौरभ गंगवार के मकान से महेंद्र गंगवार के मकान तक निर्मित सीसी सड़क का भव्य लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़ी इस सड़क के निर्माण की मांग लगातार की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिए जाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की। लोगों का कहना था कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और बरसात के समय होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सड़कों, नालियों एवं अन्य आवश्यक कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है, जिससे शहर का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और आने वाले समय में भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद चैतन्य गंगवार, सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, निजा. कत अली कादरी, वतनदीप मिश्रा, राजेन्द्र भारती, एहतिशाम वली खां, विकास बाबू, रिंकू, सुरेश लोधी, मोहन स्वरूप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राहकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना बैंक की प्राथमिकता: विवेक कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** पंजाब नेशनल बैंक में नवागत प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा ने चार्ज लेने के बाद कर्मचारियों को दिए निर्देश, कहा ग्राहकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं।

शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बैंक मैनेजर विवेक कुमार वर्मा द्वारा की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मैनेजर ने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्राहकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना बैंक की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी स्टाफ से कहा कि ग्राहकों के साथ विनम्र व्यवहार रखें और उनकी समस्याओं का समय से समाधान करें। मैनेजर ने यह भी निर्देश दिए कि बैंक में आने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए। डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने और खाताधारकों को नई योजनाओं की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बैंक में साफ-सफाई, समय पर कार्य निष्पादन और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। मैनेजर ने कहा कि कर्मचारियों की सक्रियता और जिम्मेदारी से ही बैंक की छवि मजबूत होगी।

# ब्लूम ओलम्पियाड में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर रहीं बेन-हर गुरुकुल की हुमैरा फातिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल की टनकपुर रोड शाखा में अरिहंत ब्लूम ओलम्पियाड के तत्वाधान में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का नतीजा घोषित हुआ। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा स्थल पर विद्यालय के अध्यापक सूरज बग्गा ने सफल अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा की, जिसमें विद्यालय से चार प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

उन सफल अभ्यर्थियों में हुमैरा फातिमा,अनिरुद्ध वर्मा और अनुज्ञा पांडे ने हिंदी विषय में क्रमश: दूसरा ,पांचवा और सातवां स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त विद्यालय की कक्षा तीसरी की अरना अग्रवाल ने अंग्रेजी विषय में राष्ट्रीय स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने मानसिक स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने सफल अभ्यर्थियों को मैडल पहनाकर प्रमाण पत्र के साथ शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है। इसलिए विद्यालय का सदैव ही यह प्रयास रहेगा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में बच्चों का उचित मार्गदर्शन करते रहें।विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह और ऐकडेमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित ने भी सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# बढ़ती गर्मी और लू का कहर: स्कूलों की छुट्टी करने की उठी मांग

- **युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में आसमान से बरसती आग और भीषण लू के प्रकोप को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता बढ़ गई है। इसी क्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत के युवा विंग ने स्कूलों के समय में परिवर्तन की माँग को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

युवा विंग के जिला अध्यक्ष शैली शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी (।क्ड) प्रसून द्विवेदी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। शैली शर्मा ने आरोप लगाया कि जनपद के कई स्कूल प्रशासन अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। शिक्षा निदेशक द्वारा 20 अप्रैल को पूरे प्रदेश के स्कूलों के लिए स्पष्ट आदेश जारी किया गया था कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक कर दिया जाए। इसके बावजूद पीलीभीत में कई स्कूलों की छुट्टी अभी भी दोपहर 1:30 और 2:00 बजे हो रही है।

श्री शर्मा ने बताया कि भीषण लू में तपने को नौनिहाल मजबूर है, ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा निदेशक के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। दोपहर की भीषण गर्मी और गर्म हवाओं (लू) के बीच छोटे-छोटे बच्चों का घर लौटना उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। शैली शर्मा ने मांग की है कि सभी विद्यालयों में दोपहर 12:00 बजे तक छुट्टी सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस जानलेवा धूप से राहत मिल सके।

इस मौके पर युवा विंग के जिला अध्यक्ष शैली शर्मा के साथ युवा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, जिला संगठन मंत्री रजी अंसारी, जिला मंत्री केतन बाहरी, जहानाबाद नगर महामंत्री हसन खान, अदनान, मोनिस, शावेज शम्शी, अमरिया नगर अध्यक्ष असगर अली और निजाम अली समेत कई पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

### रुदायन में गैस सिलेंडर वितरण ठप, उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा,एजेंसी पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन ( बदायूं )।** नगर में गैस उपभोक्ताओं को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रुदायन में गैस सिलेंडर का वितरण नहीं किया जा रहा है, जिससे आम जनता को मजबूरी में एजेंसी के अड्डे पर जाना पड़ रहा है। आरोप है कि श्री गुरु कृपा इंडियन गैस एजेंसी, इस्लामनगर (बदायूं) द्वारा क्षेत्र में नियमित सप्लाई नहीं दी जा रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी द्वारा क।ब नंबर बिना डिलीवरी के ही 'रिसीव्ड' दिखा दिए जाते हैं, जिससे रिकॉर्ड में सिलेंडर डिलीवर दिखता है लेकिन हकीकत में उपभोक्ता खाली हाथ रह जाते हैं। इसके साथ ही सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग के भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर नगर के कई गैस उपभोक्ताओं ने खुलकर विरोध जताया है। जिनमें प्रमुख रूप से मनोज वाल्मीकि, नितिन गुप्ता, कल्लू ठाकुर, विष्णु गुप्ता, संकेत, बॉबी शंकर गुप्ता, रवि शंकर और कुसुम लता ऐसे बहुत उपभोक्ताएं शामिल हैं। इनका कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। नगरवा. सियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें समय पर गैस न मिलने के कारण रोजमर्रा के कामों में दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को उनका अधिकार मिल सके।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में शविश्व पृथ्वी दिवसश के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने बताया कि समय रहते हम सचेत नहीं हुए, तो आने वाली पीढियां को गंभीर संकटों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण और सतत जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। स्कूल की प्रिंसिपल ललिता बत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारियां का एहसास कराता है। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और पौधारोपण के माध्यम से पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। नन्हे बच्चों ने सुंदर कलाकृतियों के जरिए प्रदूषण मुक्त धरा का संकल्प लिया। कक्षा 6 से लव्या यादव, अवनी मीना, अभीरमनी तथा श्वेतांबरी, गर्वित, न्यांसी यादव ने प्रतिभाग किया। कक्षा 7 से अवनी चौहान, उदित श्रीवास्तव, तन्वी, कृष्णा सक्सेना, वाणी, नव्या, अनन्या, अंकित गोविल, सहवाज, साद ने प्रतिभाग किया। कक्षा 8 से अनन्या सक्सेना, विधि मिश्रा, आस्था, राधिका राठौर, तान्या, अमृता ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक कक्षा में से प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कविता कथूरिया, रोमा कपूर, स्वाति अग्रवाल, गुंजन वार्ष्णेय, शिल्पी अग्रवाल, पूजा सिंह, गायत्री मिश्रा शालिनी शर्मा, अनमोल सिंह, सागर गुप्ता प्रियेश शंखधार, विकास गुप्ता, अनीता गुप्ता, ललित कुमार, काव्या शांखधर,पूनम कश्यप, प्रीती पाल इत्यादि ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे न केवल आज, बल्कि वर्ष के हर दिन पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रयास करेंगे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में महक कश्यप व इंटरमीडिएट में अदिति शर्मा ने कालेज टॉप किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**आसफपुर ( बदायूं )।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज में हाई स्कूल की मेधावी छात्रा महक कश्यप अपने अथक परिश्रम से 87 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं व कक्षा 12 की होनहार छात्रा अदिति शर्मा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज व क्षेत्र में अच्छा खासा मुकाम हासिल किया ।

होनहार छात्रा महक कश्यप के पिता स्थानीय कालेज में लिपिक पद पर सेवारत हैं व मेधावी छात्रा अदिति शर्मा के पिता अरविंद कुमार शर्मा स्थानीय उपडाकघर में अपनी अमूल्य सेवाएं दे रहे हैं व अदिति शर्मा के दादा रामनिवास शर्मा डाक सेवा में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं। होनहार छात्रा महक कश्यप व अदिति शर्मा की अपेक्षित सफलता से गदगद कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक व प्रधानाचार्य करतार सिंह , प्रधान लिपिक सुमति पाठक सहित कालेज परिवार ने होनहार दोनों मेधावी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामना देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया । इस अवसर पर दोनों छात्राओं के परिवार सहित क्षेत्र में जश्न का माहौल दिखाई दिया । यह जानकारी कालेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह ने दी ।

### सिद्ध बाबा इंटर कालेज में हाईस्कूल में दीपक पाल व इंटर में कांक्षी सिंह रहे प्रथम स्थान पर'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में बोर्ड परीक्षा 2026 में हाईस्कूल में दीपक पाल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर व कांक्षी सिंह इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।

कालेज के प्रधानाचार्य राज. कुमार शर्मा के अनुसार विद्यालय का इंटर मीडिएट परीक्षाफल 90 प्रतिशत व हाईस्कूल का परीक्षाफल 86 प्रतिशत रहा हैं।

विद्यालय के प्रबन्धक अमित पाठक ने अच्छे परीक्षा फल के लिए शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी हैं।

# बिजली संकट से किसान बेहाल भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उघैती ( बदायूं )।** क्षेत्र में गहराते विद्युत संकट, अघोषित कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर किसानों का धैर्य जवाब दे गया है। शुक्रवार, 24 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों ने अवर अभियंता (जेई) उघैती को अधिशासी अभियंता बिसौली के नाम एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

ज्ञापन सौंपते समय भाकियू नेताओं ने कहा कि वर्तमान में उघैती क्षेत्र के किसान लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग के कारण बुरी तरह परेशान हैं। मक्का की फसल को पानी की सख्त जरूरत है, लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण फसलें सूख रही हैं। किसानों का आरोप है कि 24 घंटे में मात्र 4 से 5 घंटे ही विद्युत सप्लाई मिल पा रही है, वह भी बार-बार ट्रिपिंग के कारण बेअसर साबित हो रही है। किसानों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बरौलिया का नया बिजली घर पूर्ण रूप से बनकर तैयार है। लेकिन विभाग की घोर लापरवाही के कारण इसे अब तक संचालित नहीं किया जा रहा है। यदि बरौलिया बिजली घर को चालू कर जरसेनी फीडर और आसपास के गांवों को उससे जोड़ दिया जाए, तो उघैती बिजली घर पर लोड कम हो जाएगा और लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगी। भाकियू के जिला अध्यक्ष ने प्रशासन को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि 2 दिन के भीतर बिजली घर का संचालन शुरू नहीं होता और आपूर्ति में सुधार नहीं आता है, तो भारतीय किसान यूनियन बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला प्रभारी झांझन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सहसवान महिपाल सिंह यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह यादव, जिला सचिव सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना मे पुरस्कार हेतु करे आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा वित्तपोषित खादी एवं ग्रामोद्योग इकाईयो के अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा बिक्री करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुरस्कार योजना के अर्न्तगत पुरस्कृत किया जाना है। खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनार्न्तगत विगत तीन वर्ष पुरानी स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत इकाईयों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उद्यमियों के चयन प्रक्रिया का निर्धारण न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयों के आधार पर किया जायेगा। 31 मार्च 2023 तक स्थापित निरन्तर कार्यरत उद्यमी इस योजना में पुरस्कार हेतु अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मो0 शहवाजपुर, पुरानी चुंगी, बदायूँ से प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर कार्यालय दिवस में 15 मई 2026 की सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। उद्यमी/लाभार्थी अधिक जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के मो0 नं0 07408410766 पर सम्पर्क कर सकते है। उक्त तिथि के वाद आवे. दन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### भीषण गर्मी व लू से बचाव हेतु जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रभाव को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वैभव शर्मा द्वारा जनसामान्य से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को नियमित रूप से छाछ, नींबू पानी, आम का पना, नारियल पानी, लस्सी तथा ओआरएस घोल का उपयोग करना चाहिए, जिससे शरीर में जल की कमी न हो और गर्मी का प्रभाव कम किया जा सके।

उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनना चाहिए, जो पसीना सोखने में सहायक हों। घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें तथा तेज धूप से बचने के लिए छाता, गमछा या टोपी का प्रयोग करें। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। यदि यात्रा करना आवश्यक हो तो अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी अवश्य रखें। लू के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी महसूस होना, अत्यधिक पसीना आना अथवा झटके जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे लू का प्रभाव समझते हुए तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर लिटाकर उसके शरीर को गीले कपड़े से पोंछें अथवा ठंडे पानी से स्नान कराएं, जिससे शरीर का तापमान सामान्य हो सके। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# उप मुख्यमंत्री की मौजूदगी में गरजा जन–आक्रोश महिला सम्मेलन

■ 33 प्रतिशत आरक्षण पर सियासत तेज
■ नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सरकार का बड़ा संदेश 'मातृ शक्ति को अधिकार दिलाकर रहेंगे', विपक्ष पर साधा निशाना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में आयोजित जन–आक्रोश महिला सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में महिलाओं के अधिकारों और 33 प्रतिशत आरक्षण को लेकर जोरदार मंथन हुआ। कार्यक्रम में सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला।

उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया, लेकिन विपक्ष के विरोध के चलते यह ऐतिहासिक कदम पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सहयोग करता तो यह बिल पास होकर महिलाओं के सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखता।

उन्होंने पंचायत और नगर निकायों में महिलाओं को मिले आरक्षण का उदाहरण देते हुए कहा कि आज उसी का परिणाम है कि बरेली में जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में महिला नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा, "ना हिम्मत हारी है, ना हौसला टूटा है, मातृ शक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर रहेंगे।"

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, बस उन्हें अवसर मिलने की जरूरत है और यह अवसर भाजपा सरकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आधी आबादी का अपमान करने वालों को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। अपने संबोधन में उन्होंने नारी शक्ति के ऐतिहासिक उदाहरण भी दिएख्र सती, रानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले का उल्लेख करते हुए महिलाओं की ताकत और योगदान को रेखांकित किया। सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते खुलवाए गए, शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, आवास योजना और 'लखपति दीदी' जैसे कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद छत्रपाल गंगवार समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी और यह आक्रोश जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

# गैस रिफिलिंग के दौरान वर्कशॉप में लगी आग में झुलसे एक और किशोर की मौत



■ दो पहले ही गवां चुके हैं जान



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे की श्मशान भूमि के पास अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का धंधा कर रहे वर्कशॉप में गुजरी 18 अप्रेल की रात आग लग गई थी, जिसमें यासीन नगर बस्ती के चार युवक बुरी तरह से झुलस गए थे। आनन–फानन सभी घायलों को महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पहले प्रभात नगर के रहने वाले किशोर अजीत का निधन हो गया था।

अजीत के निधन के बाद यासीन नगर बस्ती का होनहार छात्र अर्सिल 14 ने भी दम तोड़ दिया था, मो0 नासिर का इकलौते पुत्र अर्सिल के निधन से पूरी यासीन नगर बस्ती में शोक की लहर दौड़ गई थी। अभी बस्ती के लोग शोक से उबर भी नहीं पाए थे और आज शुक्रवार को मो0 माजिद के 13 वर्षीय पुत्र साहिल रजा ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। देर शाम बस्ती में पहुंचे उसके शव को बस्ती के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। साहिल रजा के निधन के बाद घटना में घायल हुए लोगों की मृतक संख्या तीन हो गई है। अभी भी मो0 फरमान के साथ ही अवैध रूप से वर्कशॉप संचालित कर रहे महावीर और ईको चालक रजा हुसैन अस्पताल में भर्ती हैं।

## एक नजर

### वीरेंद्र सिंह कन्या इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने बढ़ाया मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**क्योलड़िया।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में वीरेंद्र सिंह कन्या इंटर कॉलेज, जबेदा जबेदी के छात्र–छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा इंटरमीडिएट में छात्रा भारती ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मैज बी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल में छात्र आकाश ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और छात्रा कैकशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। कई छात्र–छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह गंगवार उर्फ पिंटू एवं प्रधानाचार्य योगेश्वर दयाल ने सफल छात्र–छात्राओं को मिठाई खिलाकर तथा फूलमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस दौरान शिक्षक पुरुषोत्तम सिंह, भानु प्रताप, गुफरान अहमद, सरताज अहमद एवं प्रेमपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत कार्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** शुक्रवार को एसडीएम आलोक कुमार ने नगर पंचायत मीरगंज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी प्रियंका भी मौजूद रहीं।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थिति रजिस्टर, जन्म–मृत्यु पंजिका, आरजीआरएस पंजिका एवं डाक पंजिका का गहन परीक्षण किया। अभिलेखों की जांच करते हुए उन्होंने जन्म–मृत्यु पंजिका को निर्धारित प्रारूप में व्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता एवं अभिलेखों के सही रखरखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी रजिस्टर अद्यतन एवं नियमों के अनुरूप रखे जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।निरीक्षण के दौरान राजीव गिरि, राजेश कुमार, सर्वेश कुमार, तस्लीम एवं अनमोल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित लोडर ने इको कार में मारी टक्कर, चालक घायल

**मीरगंज।** शुक्रवार दोपहर करीब 1:45 बजे मुरादाबाद की ओर से आ रहा एक थ्री व्हीलर लोडर नल नगरिया कट के पास अनियंत्रित होकर आगे चल रही इको कार में पीछे से टकरा गया। हादसे में लोडर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।दुर्घटना में लोडर चालक इस्तकार, निवासी आजाद नगर जयंतीपुर रोड थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### खाते से ज्यादा रुपये निकालने पर पीड़ित ने बीसी सखी के खिलाफ शाखा प्रबंधक से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी खुशबू ने बीसी सखी पर जालसाजी और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है पीड़िता खुशबू के अनुसार, बीती 4 अप्रैल को वह बीसी सखी के पास अपने खाते से 7,500 रुपये निकालने गई थी, लेकिन आरोप है कि बीसी सखी ने धोखाधड़ी करते हुए खाते से 8,700 रुपये निकाल लिए जब 9 अप्रैल को खुशबू दोबारा बीसी सखी के पास पहुंची तो उसे खाते से अधिक रकम निकाले जाने की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी बीसी सखी के खिलाफ शाखा प्रबंधक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। साथ ही खाते से निकाली गई अतिरिक्त धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### पत्नी को जंक्शन पर छोड़ चार माह का पुत्र लेकर पति फरार

**नवाबगंज।** जनपद मऊ के थाना सराय लखनवी के गांव सलाहाबाद की रहने वाली फातमा से क्षेत्र के गांव सरदार नगर के रहने वाले आशीष उर्फ रहमान ने दो साल पहले प्रेम विवाह किया था।

कुछ दिनों तो दोनों सरदार नगर गांव में रहे थे, उसके बाद फातिमा अपने मायके चली गई थी। वह पिछले पांच महीने से अपने मायके में ही रह रही थी, उसने एक पुत्र को भी अपने मायके में ही जन्म दिया था। बताया जाता है कि 20 अप्रैल को आशीष उर्फ रहमान अपने दोस्त कपिल के साथ पत्नी के मायके पहुंचा, और पत्नी और अपने 4 माह के पुत्र को लेकर ट्रेन से घर लौट रहा था। आरोप है कि आशीष उर्फ रहमान पत्नी को जंक्शन पर छोड़कर पुत्र को कुछ दिलाने को कहकर वहां से फरार हो गया। काफी देर इंतजार करने के बाद फातमा अपनी ससुराल सरदार नगर पहुंची, लेकिन वहां से उसे भाग दिया गया। पिछले तीन दिनों से महिला कोतवाली पर डेरा जमाए बैठी है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। महिला के पिता ने आज इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। महिला के मुता. बिक उसके 4 माह के पुत्र को पति द्वारा बेचे जाने की धमकी दी जा रही है।

**तीन दिन से थाने पर बैठी है महिला**

### दो अलग–अलग मामलों में युवतियां लापता, परिजनों ने बहला–फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

**मीरगंज।** मीरगंज क्षेत्र में दो अलग–अलग गांवों से युवतियों के लापता होने के मामलों से हड़कंप मच गया है। दोनों ही मामलों में परिजनों ने युवतियों को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहले मामले में एक गांव की युवती तीन दिन पूर्व तड़के घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों के अनुसार, सुबह उठने पर वह घर में नहीं मिली। पिता का आरोप है कि गांव के ही अमित, सोमपाल, गजेंद्र, संजीव और सतीश ने मिलकर उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा लिया। साथ ही युवती घर में रखी करीब पांच लाख रुपये की नकदी और सोने–चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गई।

# नगरिया सादात रेलवे स्टेशन के पास यूकेलिप्टिस के बाग में भीषण आग, झाड़ियां जलकर राख

■ ठीक एक साल बाद फिर धधका यूकेलिप्टिस का बाग, 25 अप्रैल की घटना ने दोहराया इतिहास



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** नगरिया सादात रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे की जमीन पर खड़े यूकेलिप्टिस के बाग में शुक्रवार सुबह एक बार फिर भीषण आग लग गई। खास बात यह रही कि ठीक एक साल पहले, 25 अप्रैल 2025 को भी इसी स्थान पर आग लगी थी, जिससे इस घटना ने पुराने हादसे की यादें ताजा कर दीं।शुक्रवार सुबह अचानक लगी आग ने सूखे पत्तों और तेज हवा के चलते देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग तेजी से पूरे बाग में फैल गई और घंटों तक धधकती रही। इस दौरान बाग की झाड़ियां और छोटे पौधे जलकर राख हो गए, जबकि बड़े पेड़ों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा।आग की लपटें और उठता धुआं दूर–दूर तक दिखाई देने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दमकल टीम में कार्यवाहक प्रभारी राजेंद्र सिंह, अशोक यादव, विष्णु सिंह, विपिन कुमार और तीरंध्वज शामिल रहे। उनके प्रयासों की स्थानीय लोगों ने सराहना की।गनीमत रही कि आग रेलवे ट्रैक या आसपास के रिहायशी इलाकों तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

हालांकि लगातार दूसरे साल एक ही तारीख पर आग लगने की घटना ने प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने से सनसनी

■ मितीपुर में दो सिर और कट्टों में भरा मांस बरामद, पुलिस जांच में जुटी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मितीपुर के जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और जांच–पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश के साथ दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी कि नाला कैनाल के पास नत्थू लाल पुत्र मनीराम के खेत में मांस व हड्डियों के अवशेष पड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वहां दो सिर और तीन–चार कट्टों में भरा मांस पड़ा हुआ था, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से मांस व हड्डियों के नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेज दिए हैं। वहीं शेष अवशेषों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक अवशेष प्रथम दृष्टया गौवंश के प्रतीत हो रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। बहेड़ी क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। बीते छह महीनों में गौवंशीय अवशेष मिलने के कई मामले सामने आ चुके हैं। 9 जनवरी 2026 को ग्राम सुकटिया के जंगल में भी इसी तरह के अवशेष बरामद हुए थे। उस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

बाद में हुई पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से अवैध हथियार, गौकशी के उपकरण और अन्य सामान बरामद हुआ था, जिससे संगठित गिरोह की संलिप्तता की आशंका जताई गई थी।

वहीं, गौरक्षा हिन्दू दल के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भास्कर, युवा जिलाध्यक्ष रजत पंडित, बजरंग दल शानू गंगवार ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच और निगरानी बढ़ा दी गई है।

# श्री गुरु हरिकृपा इंटर कॉलेज का शानदार रहा रिजल्ट



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के श्री गुरु हरिकृपा इंटर कॉलेज ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता साबित की है। विद्यालय के स्टाफ व छात्र–छात्राओं ने मेहनत और लगन के दम पर हाईस्कूल में 90 फीसदी और इंटरमीडिएट में 91.6 फीसदी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, जिससे विद्यालय में खुशी की लहर है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। यह परिणाम हमारे पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। हमारे शिक्षक–शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने नियमित कक्षाओं के साथ–साथ अतिरिक्त मार्गदर्शन परीक्षा की विशेष तैयारी कराकर छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाया। शिक्षकों की मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि इस वर्ष भी विद्यालय ने उत्कृष्ट रिजल्ट दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, और कहा कि इसी तरह मेहनत जारी रखकर वे जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

# यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज ने क्षेत्र में कायम रखा दबदबा



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज ने वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा है। हाईस्कूल में 90.47 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट में 92.47 प्रतिशत परिणाम दर्ज कर कॉलेज ने निरंतर उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को मजबूत किया है।

कॉलेज के इस उत्कृष्ट परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया है कि यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि हर वर्ष अपने उच्च स्तर को बनाए रखते हुए क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान भी कायम रखे हुए है। कॉलेज के प्रबंधक रमन कुमार जायसवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट शिक्षा देकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# दबंगों ने महिला पर हलाला का बनाया दबाव, कप्तान के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एक महिला पर उसके गांव के ही दबंगों ने हलाला करने के लिए दबाव बनाया। दबंगों में से एक ने उसका हाथ पकड़कर अपने साथ हलाला करने के लिए कमरे में साथ चलने को कहा। महिला के विरोध करने पर उन्होंने उसका और उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने की धमकी दे दी। घटना की महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन जब रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो वह एसएसपी के पास जा पहुंची। पुलिस ने कप्तान के आदेश पर महिला की ओर से थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक महिला का विवाह दो वर्ष पहले जनपद शाहजहांपुर के एक कस्बे निगोही में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद ही उसका अपने पति से विवाद हो गया, जिसके चलते दोनों अलग–अलग रहने लगे थे। इस बीच उसने गांव के ही एक युवक से अपना विवाह तय किया है। आरोप है कि गांव के ही मुन्ने उसका बेटा इश्त्याक व इसरार उसके इस निर्णय का विरोध करते हुए उस पर विवाह से पहले हलाला करने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि इसरार ने उसका हाथ पकड़कर उसे कमरे में साथ चलकर हलाला करने को कहा। उसने इसका विरोध किया तो उसका और उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने की धमकी दे दी गई, जिससे परेशान महिला ने पहले कोतवाली में शिकायती पत्र दिया था, जब उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो उसने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के आदेश पर महिला की ओर से दबंगों के खिलाफ थाना नवाबगंज में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें। मो.
इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547, 8077380691

# तेजतर्रार चौकी प्रभारी अनूप सिंह का हुआ कुतुबखाना तबादला



■ लोगों ने की सराहना कर दी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में तैनात तेजतर्रार चौकी प्रभारी अनूप सिंह का हुआ तबादला, लोगों ने की सराहना दी गई विदाई।

चौकी प्रभारी अनूप सिंह का तबादला कोतवाली थाना क्षेत्र की कुतुबखाना चौकी में हो गया है। उनके स्थानांतरण पर कस्बे के प्रमुख व्यापारियों, समाजसेवियों और पत्रकारों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

चौकी प्रभारी अनूप सिंह का लगभग एक वर्ष एक महीने का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। इस दौरान उन्होंने सख्त पुलिसिंग, कड़ी कानूनी कार्रवाई और अपराधियों की लगातार धरपकड़ के जरिए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। उनके कार्यकाल में कानून व्यवस्था बेहतर बनी रही और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ। विदाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष इमरान अंसारी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया, जो लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट इमरान अंसारी, सरदार अजहरी, सौरभ पाठक, मोहम्मद शाकिर, प्रेमपाल गंगवार, कपिल यादव,असद अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यालय ग्राम पंचायत बीजामऊ, वि.ख. नवाबगंज, जनपद बरेली

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बीजामऊ की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत बीजामऊ को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इण्टरलाकिंग कार्य (नवनिर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प/नवनिर्माण, जनसेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य) रिसोर्स रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य,SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाईब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाईप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फॉगिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोटी इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाईप, प्रचार–प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत बीजामऊ पर दिनांक 25.04.2026 को 11 बजे से दिनांक 28.04.2026 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जोकि 28.04.26 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

वीरेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान

नरेश कुमार राठौर
ग्राम पंचायत सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर नवदिया, वि.ख. नवाबगंज, जनपद बरेली

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर नवदिया की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर नवदिया को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इण्टरलाकिंग कार्य (नवनिर्माण एवं मरम्मत) नाली निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प/नवनिर्माण, जन सेवा, केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य) रिसोर्स रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाईब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाईप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाईट क्रय/मरम्मत, सीसी रोड निर्माण (नवनिर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई–रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सीसी कैमरे, फॉगिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोटी इण्टरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल्स, पाईप, प्रचार–प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ादान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर नवदिया पर दिनांक 25.04.2026 को 11 बजे से दिनांक 28.04.2026 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जोकि 28.04.2026 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

हीराकली
ग्राम प्रधान

नरेश कुमार राठौर
ग्राम पंचायत सचिव

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही

## एक नजर

### मेधावी छात्राओं का स्वागत



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पवित्रा पाल, सना प्रवीन, रुद्राक्षी वर्मा व आलिया प्रवीन का विद्यालय परिसर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह सफलता छात्राओं के परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा लेते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षिका प्रीति रानी,रुचिका, प्रभुता, सुषमा कुमारी, सुनीता रानी उपस्थित रहे। मेधावी छात्राओं को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### समाजसेवी सौरव राणा सम्मानित



**चांदपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बहसूमा रियासत हस्तिनापुर (मेरठ) द्वारा महाराजा जयकरण सिंह एवं राजमाता अत्री देवी की स्मृति में प्रारंभ किए गए जयत्री पुरस्कार से सौरव राणा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण तथा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके सक्रिय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त एक गरिमामयी समारोह में पूर्व राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान की गरिमामयी उपस्थिति में सौरव राणा को हस्तिनापुर सम्मान से भी विभूषित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ एवं वैदिक विद्वान स्वामी कर्मवीर जी महाराज पूर्व राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान व डा. यतींद्र कटारिया तथा आदर्श कुमार द्वारा प्रदान किया गया। गौरतलब है कि सौरव राणा लंबे समय से समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और हिंदी भाषा के संवर्धन में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सौरभ राणा को मिले इस सम्मान पर चांदपुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### स्वच्छता अभियान को मिली रफ्तार



**स्योहारा।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य पालिका द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। चेयरमैन फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में नगर के सभी वार्डों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेवा अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में वार्ड संख्या-20 में भाजपा सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने अभियान की कमान संभालते हुए पालिका कर्मचारियों के साथ क्षेत्र की गलियों मौहल्लों और चौराहों पर व्यापक सफाई एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने कहा कि पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित रूप से आती है। इसलिए नागरिक अपना कूड़ा उसी में डालकर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। अभियान में वार्ड के नागरिक मुकेश कुमार रस्तोगी, हरिओम वर्मा, बबलू रस्तोगी, सनी रस्तोगी, पप्पू ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### उत्तम मिल ने किया गन्ने का समस्त भुगतान

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल ने पेराई सत्र 2025-26 में खरीदे गए समस्त गन्ने का भुगतान किसानों से संबंधित समितियों को भेज दिया है। इसके साथ ही गन्ने की कम उपज पर मिल प्रशासन ने चिंता व्यक्त की। आज उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में मिल ने 122.18 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की थी। जिसका अब तक समस्त भुगतान 480.46 करोड़ रुपए किसानों की संबंधित समिति में भेज दिया है। इसके साथ ही उन्होंने गन्ने की कम उपज होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 कदापि नहीं बोना चाहिए, साथ ही उन्होंने किसानों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अतुलनीय सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

### पेड़ों पर आरा चलने से चिंता बढ़ी



**स्योहारा।** क्षेत्र में इन दिनों पेड़ों के लगातार हो रहे कटान को लेकर ग्रामीणों में चिंता का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद में हाल ही में तुन और शीशम के पेड़ों के कटे होने की चर्चा ग्रामीणों के बीच तेजी से फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हरियाली लगातार कम होती दिखाई दे रही है और पेड़ों का कटान अब आम होता जा रहा है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही ग्राम मुकरपुरी में भी आस्था से जुड़ा एक पुराना पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद से ग्रामीणों में यह चर्चा और तेज हो गई है कि इलाके में लकड़ी कटान की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सीमित संख्या में पेड़ों की अनुमति ली जाती है, लेकिन मौके पर उससे अधिक पेड़ों का कटान कर दिया जाता है। इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र की हरियाली को भारी नुकसान पहुंच रहा है। लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह पेड़ कटते रहे, तो आने वाले समय में पर्यावरण और मौसम पर भी इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर प्रभावी निगरानी रखने तथा हरियाली संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## विनायक का शानदार स्वागत

### आरएसएम के छात्र ने जनपद में पाया तीसरा स्थान, परिवार में खुशी का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उ.प्र.माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के बाद क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों की सफलता का जश्न देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में धामपुर क्षेत्र के आरएसएम इंटर कॉलेज के छात्र विनायक कुमार ने जनपद की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है।

विनायक कुमार ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा के नेतृत्व में शिक्षक एवं कर्मचारियों की टीम शेरकोट के मौहल्ला फतेहनगर स्थित उनके आवास पहुंची। वहां छात्र का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय परिवार के देवराज सिंह, राजेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अमनप्रीत कौर, विनोद कुमार, जिला मंत्री अभिषेक कुमार सहित अन्य शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि विनायक कुमार की मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। वहीं छात्र विनायक कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो पाई है। इस मौके पर छात्र के पिता सुभाष प्रजापति, माता गीता देवी, बाबा शोनाथ सिंह, चाचा सुशील कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। छात्र की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

## नालियों में पानी से बहाया जा रहा गोबर

### मौहल्ला शेखान में मंडरा रहा बीमारियों का खतरा, नागरिक परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान में गंदगी बदबू और जल बर्बादी की समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। क्षेत्र में कुछ लोगों पशु पाल रखे हैं। जिनके गोबर और मूत्र को समरसेबल चलाकर सीधे नालियों में बहा दिया जाता है। इससे नालियां गंदगी से भर रही हैं और गंदा पानी सड़कों तक फैलने लगा है।

मौहल्लेवासियों का कहना है कि पशुओं का गोबर नालियों में डालने से नालियां बार-बार चोक हो जाती हैं। जिससे पूरे इलाके में तेज बदबू फैलती है और राहगीरों के साथ-साथ आसपास के कारोबारी भी परेशान रहते हैं। कई स्थानों पर नाली का पानी सड़क पर जमा रहने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ पशुपालक समरसेबल चलाकर जरूरत से ज्यादा पानी भरते हैं और बटन दबाकर घंटों पानी बहने देते हैं। इससे न केवल नालियां गंदगी से लबालब हो जाती हैं बल्कि भूमिगत जल का भी भारी दोहन हो रहा है। लोगों का कहना है कि पानी की इस तरह बर्बादी भविष्य में मानव जीवन के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकती है। नालियों की सफाई करने के कुछ ही समय बाद फिर वही स्थिति बन जाती है जिससे मेहनत बेकार चली जाती है और सफाई व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल हो जाता है।

मौहल्ले के नागरिकों का कहना है कि कई बार समझाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है लोगों ने अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए नालियों में गोबर व अनावश्यक पानी बहाने वालों पर प्रभावी रोक लगे तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए ताकि क्षेत्र को गंदगी और बदबू से राहत मिल सके।

## बिजनौर में 'पदों का खेल' उजागर सफाई कर्मी बने ड्राइवर-ऑपरेटर

### मूल काम से हटा कर अन्य ड्यूटी, भर्ती पर ब्रेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में सफाई व्यवस्था से जुड़ा एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों को उनके मूल कार्य से हटाकर ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य गैर-स्वीकृत कार्यों में लगाया जा रहा है। इससे न केवल सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि इन पदों पर नई नियुक्तियों की आवश्यकता भी समाप्त मान ली जा रही है।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जब संबंधित कार्य पहले से ही सफाई कर्मियों से कराया जा रहा है, तो प्रशासन अलग से भर्ती की जरूरत नहीं समझ रहा। इसका सीधा असर बेरोजगार युवाओं पर पड़ रहा है, जो इन पदों के लिए अवसर की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**जिस काम के लिए भर्ती, वही काम क्यों नहीं?**

जानकारों का कहना है कि प्रत्येक कर्मचारी की नियुक्ति एक निर्धारित कार्य के लिए होती है। ऐसे में यदि सफाई कर्मियों से अन्य कार्य लिए जा रहे हैं, तो यह व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यक्षमता दोनों पर सवाल खड़े करता है। इससे सफाई व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी असर पड़ने की आशंका है।

इस मामले में केवल ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद भी अछूते नहीं हैं। आरोप है कि शहरी निकायों में भी इसी तरह की व्यवस्था लागू है, जहां सफाई कर्मियों को वैकल्पिक कार्यों में लगाया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पदों का इस तरह "आंतरिक समायोजन" किया जाता रहा, तो नए पद सृजित होने और भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की संभावनाएं कम हो जाती हैं। इससे स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी की समस्या और गहरा सकती है।

जनपद में उठ रहे इन सवालों के बीच अब उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारियों से वही कार्य लिया जाए, जिसके लिए उनकी नियुक्ति हुई है। क्या विभाग इस व्यवस्था को सुधारकर नई भर्ती का रास्ता खोलेगा, या फिर यही "एडजस्टमेंट मॉडल" आगे भी चलता रहेगा, इसका जवाब आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

## एचएल कार्य का सत्यापन एवं निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जनगणना कार्य के अंतर्गत जिला स्तर पर गठित एचएल हाउस लिस्टिंग टीम के कार्यों का सत्यापन एवं निरीक्षण जिला जनगणना अधिकारी जेपी यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों एवं क्षेत्रीय कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का अभियान है इसलिए प्रत्येक कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आंकड़ों की शुद्धता घर-घर सर्वेक्षण की गुणवत्ता तथा रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने जनगणना से जुड़े समस्त अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। उनके द्वारा किए जा रहे समन्वय एवं प्रशासनिक सहयोग की अधिकारियों ने प्रशंसा की। वहीं चुनाव कार्यालय से जुड़े अधिकारियों की उपस्थिति में जनगणना एवं निर्वाचन कार्यों के बेहतर तालमेल पर भी चर्चा की गई। चुनाव अधिकारी द्वारा बताया गया कि आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए जनगणना आंकड़ों की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत आधार मिल सके निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने तथा शासन के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

## सफाई व्यवस्था में 'सिस्टम' की सफाई कब?

### मेहरबानियों का खेल या प्रशासनिक लापरवाही, बिजनौर में उठे गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद की सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों में असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। विभाग के भीतर कथित अनियमितताओं और दोहरी व्यवस्था के आरोपों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कई सफाई कर्मियों ने बताया कि कुछ चुनिंदा कर्मचारियों को विशेष सुविधा दी जा रही है, जबकि बाकी कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

कर्मचारियों का आरोप है कि कई सफाई कर्मी फील्ड ड्यूटी से हटाकर कार्यालयों में कंप्यूटर कार्य या अधिकारियों के निजी कार्यों में लगाए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ कई स्थानों पर नियमित कर्मचारी अपने स्थान पर दिहाड़ी मजदूरों से काम करवा रहे हैं और स्वयं पूर्ण वेतन प्राप्त कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार कुछ गांवों में सफाई कार्य ठेके या निजी स्तर पर कराया जा रहा है। इससे न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है, बल्कि जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से मेहनती कर्मचारियों का मनोबल भी गिर रहा है।

कर्मचारियों का दावा है कि संबंधित अधिकारियों को इन गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

इस संबंध में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर (ADPRO) से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि विभाग में लगभग 2911 कर्मचारी कार्यरत हैं, हालांकि किस कर्मचारी की तैनाती कहां है, इसकी उन्हें तत्काल जानकारी नहीं है। बातचीत के दौरान कॉल कट गया और पुन: संपर्क नहीं हो सका। वहीं सीडीओ रणविजय सिंह ने कहा सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में उठे इन गंभीर आरोपों के बाद अब निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यह देखना अहम होगा कि जांच के जरिए सच्चाई सामने आती है या मामला केवल आश्वा. सनों तक सीमित रह जाता है।

#### जानकारी का अभाव या जिम्मेदारी से दूरी?

सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर विभाग में कर्मचारियों की संख्या तो बता पाए, लेकिन तैनाती संबंधी जानकारी देने में असमर्थ दिखे। फोन पर बातचीत के दौरान कॉल कटने और पुन: संपर्क न हो पाने से स्थिति और स्पष्ट नहीं हो सकी। इधर कर्मचारियों के बीच यह चर्चा तेज है कि विभागीय निगरानी कमजोर पड़ गई है, जिसके चलते अनियमितताओं को बढ़ावा मिल रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन सवाल बड़े हैं और जवाब का इंतजार है।

## एक नजर

### पत्रकार ने रक्तदान कर जान बचाई



**शेरकोट।** मानवता की मिसाल पेश कर शकाफत एस भारती ने एक बार फिर रक्तदान कर जरूरतमंद महिला की सहायता की। वही इस कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। एक महिला को ऑपरेशन के दौरान अचानक ब्लड की जरूरत पड़ गई। महिला के परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से रक्तदान के लिए गुहार लगाई। तत्परता दिखाते हुए पत्रकार शकाफत एस भारती ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान के बाद महिला के परिजनों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए इसे मानवता का सराहनीय कार्य बताया। वहीं शकाफत एस. भारती ने बताया कि वे पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं और जरूरतमंदों की मदद करके उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्तियों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए और रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में भ्रांति कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है, जो पूरी तरह गलत है। वे स्वयं आधा दर्जन से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहा है।

### मस्जिद में चोरी का खुलासा



**नांगल सोती।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में 29 मार्च की रातचोरों ने नूरानी मस्जिद से दानपात्र चोरी कर लिया था। चोर दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी 40-50 हजार की नगदी चोरी कर ले गए थे। जिसकी प्राथमिकी थाने में दर्ज की गई थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आज ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी आतिफ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 3100 की नगदी भी बरामद की है। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि आतिफ ने सुंगरपुर बेहड़ा निवासी उस्मान, सुल्तान, अब्दुल्ला, इस्खार, के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### अब्दुल मन्नान ने प्रथम स्थान पाया



**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत तथा मानविकी वर्ग का 76 प्रतिशत रहा। इसी तरह हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में अब्दुल मन्नान ने 410/500 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौहम्मद अर्श ने 370/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अब्दुल रहमान ने 356/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानविकी वर्ग में अब्दुल हादी ने 348/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि मौहम्मद अयान ने 327/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में मौहम्मद जैद आलम ने 495/600 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अबुबकर ने 466/600 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुमताज अहमद विद्यालय प्रबंधक, प्रबंध समिति, इशरत जमाल आरिफ-प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जांच टीम ने दर्ज किए बयान



**शेरकोट।** लगभग दस दिन पूर्व महिला चिकित्सक के क्लीनिक में देर रात जांच के नाम पर नोडल अधिकारी और उनके साथ आए एक अन्य व्यक्ति द्वारा डा. सना के साथ अभद्रता के मामले में अधिकारियों के निर्देश पर अस्पताल पहुंच कर जांच टीम ने महिला चिकित्सक के बयान दर्ज किए। मालूम हो कि 15 मार्च को नगर मौहल्ला फतेहनगर स्थित महिला चिकित्सक सना खान के अस्पताल पर रात्री के समय नोडल अधिकारी सहित अन्य लोगों ने अस्पताल खुलवाकर जांच करने के नाम पर महिला चिकित्सक ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए डीएम सहित अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई थी। जिस पर आज डीएम के निर्देश पर एसडीएम धामपुर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया था। जिसमें डा. देवेंद्र और डा. आरके विश्वकर्मा को शामिल किया गया। जांच टीम चांदनी क्लीनिक पहुंची और मौके पर जांच करते हुए शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए। इस दौरान टीम में नायब तहसीलदार कपिल आजाद, डा. देवेंद्र और डा. विश्वकर्मा मौजूद रहे। जांच टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित तथ्यों को एकत्र किया है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उधर प्रकरण को लेकर स्थानीय चिकित्सकों और नागरिकों में भी चर्चा बनी हुई है, वहीं पीड़िता न्याय की उम्मीद लगाए बैठी है।

### कचरे के ढेर में मिली एक्सपायरी मैंगो माजा

**अफजलगढ़।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में एक्सपायर डेट और नकली खाद्य व पेय पदार्थ बेचे जा रहे हैं। जिसका कुप्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिसका प्रमाण है अफजलगढ़-जसपुर मार्ग पर दो अलग-अलग स्थान पर हजारों की संख्या में कचरे के ढेर में पड़ी एक्सपायर डेट 2024 मैंगो मांजा है। जिसका मुख्य कारण खाद्यान्न विभाग की घोर लापरवाही है। गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों की पसंदीदा ठंडा पेय पदार्थों में मैंगो मांजा है, जो छोटे-छोटे बच्चे नगर वह ग्रामीण क्षेत्रों में परचून की दुकानों आदि से खरीद कर पी लेते हैं जिनको यह भी ज्ञान नहीं होता है वह पर पदार्थ पीने योग्य भी है या नहीं कहीं उसकी डेट एक्सपायर तो नहीं है। पाउच बड़ी संख्या में नगर के समीपवर्ती मेघपुर मोड़ के पास सड़क किनारे पड़े मिले।

# यमुना में डूबे युवक को बचाया, दूसरे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** हथनीकुंड बैराज की यमुना नहर मे दो युवकों के डूबने से इलाके मे सनसनी मच गयी है स सुचना मिलते ही पुलिस मोके पर पहुंची और गोताखोरो की मदद से पारस नाम के युवक को सकुशल बचाया गया। जबकि लोकेश नाम का दूसरा युवक पानी की गहराई मे समा गया है। डूबे युवक की तलाश के लिए लगातार सर्च अभियान चलाया गया है।



शुक्रवार को मिर्जापुर की हथनीकुंड नहर मे डूबे 21 वर्षीय युवक का शव एंडीआरअफ की टीम ने नहर से सर्च अभियान चलाकर बरामद कर लिया है। घटना से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। हथनीकुंड यमुना नहर मे 21 वर्षीय युवक लोकेश पुत्र धर्मपाल निवासी धौलरा डूब गया था। लगातार पुलिस गोताखोरो की मदद से रिसकियू अभियान चलाये हुई थी। शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और डूबे युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया। घंटो के अभियान के बाद हथनीकुंड नहर से डूबे युवक लोकेश का शव बरामद हुआ है। घटना से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। वहीं सैंकड़ो की संख्या मे ग्रामीण मोके पर जूटे हुए हैँ।

थाना प्रभारी मिर्जापुर सूबे सिंह ने बताया की डूबे युवक लोकेश का शव नहर से ही बरामद हुआ है स और मामले की जाँच की जा रही है।

## सीएचसी के पास पूर्वी यमुना नहर में पडा मिला अज्ञात महिला का शव

**बेहट।** नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पूर्वी यमुना नहर में एक करीब 70 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद पड़ा मिलने से हड़कम मच गया । शव मिलने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत पुलिस मौके को साथ लेकर पर पहुंचे और शव को बाहर निकल वाकर शव की शिनाख्त कराई मगर शिनाख्त नहीं हुई है।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पूर्वी यमुना नगर में एक अज्ञात वृद्ध महिला के पड़े शव को राहगीरों ने देखा तो हड़कंप मच गया मौके पर शव को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। नगर में शव के पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई तो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर शव की पहचान कराई मगर उसकी पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी पर रखवा दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया शव की पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी हुईहै कस्बे से दो लोग आए थे शव की पहचान के लिए उनको पुलिस के साथ शव की पहचान के लिए मोर्चरी पर भेजे है । समाचार भेजे जानेतक शव की इस पहचान नहीं हुई थी।

# पंचायती राज से विकास को लगे पंखः मांगेराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.मांगेराम ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था के चलते विकास ने नये आयाम छुए है।

चौ.मांगेराम आज जिला पंचायत सभागार में पंचायतीराज दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में 73 वें संविधान संशोधन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था लागू हुई जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य करती है। पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी ने सभी का आभार जताया।गोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौहान, हंसराज गौतम, दुबेसिंह कांबोज, विक्रम सिंह, रामेंद्र राणा, राहुल, जगमाल सिंह, विनोद, अफजल अली, सुशील, अपर मुख्य अधिकारी चंद.वीर सिंह, कार्य अधिकारी कुलवंत सिंह, अभियंता मुकेश कुमार, कर अकिधारी सतेंद्र कुमार मौजूद रहै।

# अशोक को सर्वसम्मति से चुना प्रधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी अशोक प्रधान को बिरादरी गौरव सम्मान समारोह में सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया।



इन्दिरा कैम्प कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मानवाधिकार ट्रस्ट के संस्थापक ब्रिजेशकुमार एवं दिल्ली से सोंम चौधरी एवं विक्की चौधरी आये। सर्व समाज के मुखिया एवं डेहा बिरादरी के सम्मनित लोगों ने अशोक प्रधान को बिरादरी का प्रधान नियुक्त किया एवं पगड़ी, फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अशोक प्रधान ने कहा कि आज मुझे बिरादरी के लोंगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं जिन्दगी भर खरा उतरूंगा एवं समाज के सुख-दुख में साथ दूंगा। डेहा एवं घुमन्तू जातियों के कल्याण के लिए राज्य से लेकर पार्लियामेन्ट तक इनके प्रमुख मुद्दों को ले जाने का कार्य करूंगा एवं इन शोषित पीड़ित व वंचित समाज के लोगों के लिए भारत सरकार से संविधान में विशेष दर्जा दिलाने का प्रयास करूँगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ नेता रोहित गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु रविदास सेना भारत ने बताया कि इन वंचित शोषित जातियों के कल्याण के लिए सड़क से लेकर पार्लियामेन्ट तक इनकी आवाज उठाने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पाल चौधरी, लाल सिंह प्रधान, मुकेश चौधरी, नरेश चौधरी, सोनू चौधरी, अमर पाल चौधरी, नानू भगत भौरा भगत, विनोद चौधरी, सुनील कुमार, रतन सिंह, कमल कुमार, मांगेराम, बिरजू मुरादाबाद, राजू गागट, विजय प्रधान बुलन्दशहर, शेखर चौधरी आगरा, सुनील चौधरी कानपुर, इन्द्र चौधरी हापुड़, काला प्रधान मेरठ, मनोज प्रधान आगरा, मुकेश प्रधान आगरा, लखन चौधरी आगरा, रवि सरपंच कानपुर, सतीश प्रधान आदि गणामन्य लोग उपस्थित रहे।

## टायर फटने से दर्दनाक मौत

**अंबेहटा।** नगर में एक दुखद हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। नकुड़ कोतवाली अंतर्गत अंबेहटा के मोहल्ला कोटला निवासी 38 वर्षीय शाहिद अल्वी पुत्र लतीफ की टायर में हवा भरते समय हुए विस्फोट में मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, शाहिद अल्वी यमुनानगर में रेहड़ी पर घूम-घूम कर वाहनों के पंचर रिपेयर करने और टायरों में हवा भरने का काम करते थे। बीती रात वह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर में हवा भर रहे थे, तभी अचानक जोरदार धमाके के साथ टायर फट गया। इस तेज विस्फोट की चपेट में आने से शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# डीएम से मिला नगर शांति समिति का डेलीगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर शांति समिति के प्रतिनिधि मंडल ने आज नवांगतुक जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके भेंट किये।



प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को शॉल ओढाकर स्वागत किया। सिख समाज की और से गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के सीनियर वाईस प्रधान प्रेजिडेंट स प्रभजोत सिंह, जनरल सकतर स अमनप्रीत सिंह, श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सतविंदर सिंह माकन, सिंह सभा के डिस्पेंसरी इंचार्ज एम पी सिंह चावला एवं सिंह सभा के जनरल सदस्य स रुपिंदर सिंह बजाज ने जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से सिख इतिहास से जुडी पुस्तके, शाल, चित्र भेंट किया। पर्यावरण के सम्बन्ध मे मोहम्मद आलम द्वारा ग्रीन क्रांति का जार भेट किया गया।

प्रतिनिधि मंडल में चयन समिति के अध्यक्ष प. जयनाथ शर्मा, जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी, महामंडलेश्वर स्वामी धीरजानंद, समिति के अध्यक्ष अशोक गाँधी, संयोजक ब्रित चावला, सचिव सलमान, पंजाबी एकता समिति के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, नागरिक सुरक्षा के पूर्व डिप्टी चीफ मोहम्मद आलम, जहांगीर आलम, शहीद ए आजम भगत सिंह के भतीजे सरदार किरणजीत सिंह, व्यापार मण्डल लिंक रोड के अशोक मालिक, स. रुपिंदर सिंह बजाज, आबिद हसन वफा, मुशर्रफ, इकबाल मंसूरी, फादर संजय मसीह शामिल रहे।

# 27 को बैठक लेंगे राज्य सूचना आयुक्त मौहम्मद नदीम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम 27 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त विभागों के जनसूचनाधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसी के साथ किसी एक तहसील व विकासखण्ड के जनसूचना प्रकोष्ठ का भी निरीक्षण करेंगे।

जनसूचनाधिकारियों के समक्ष सूचना का अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्रों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के समक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण के दौरान आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु उनके प्रश्नों का समाधान राज्य सूचना आयुक्त द्वारा किया जाएगा। सूचना आयोग द्वारा जिन प्रकरणों में अभी तक अर्थदण्ड वसूली और क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की गयी है, उसका विस्तृत विवरण भी लिया जाएगा। द्वितीय अपीलें व शिकायतें आयोग में प्रचलित है जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु विचार-विमर्श तथा लम्बित द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही की जानकारी ली जाएगी।

# चीनी मिलो पर 736 करोड का गन्ना मूल्य बकायाः वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि मंडल की चीनी मिलों पर 736 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है।



भगत सिंह वर्मा ग्राम मुगल माजरा में एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चीनी मिले काफी समय से बंद हो चुकी है। इसके बावजूद भी अभी तक सहारनपुर मंडल की चीनी मिलों पर मंडल के गन्ना किसानों का अभी भी 736 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है। पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज भी मंडल की चीनी मिलों पर 1800 करोड रुपए बकाया है। जिसमें जिले की चीनी मिलों पर 228 करोड रुपए गन्ना भुगतान व 600 करोड रुपए ब्याज बकाया है। भगत सिंह वर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी गन्ना किसानों को 15% वार्षिक ब्याज की दर से चीनी मिलों से ब्याज का भुगतान करने के आदेश पहले से ही दिए हुए हैं। इसके बावजूद भी भाजपा की योगी सरकार आज तक गन्ना किसानों को न ब्याज का भुगतान करा पा रही है। और न ही गन्ना किसानों को 14 दिन के अंदर गन्ना भुगतान दिला रही है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश सचिव डॉक्टर परविंदर मलिक प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री मोहम्मद राशिद अब्दुल सलाम मोहम्मद मुनव्वर मोहम्मद असलम मास्टर इनाम मोहम्मद सरफराज हाजी साजिद हाजी बुद्धू हसन मोहम्मद कामिल मोहम्मद सद्दाम प्रदेश प्रवक्ता रोहित गौतम आदि ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मुकर्रम प्रधान ने की और संचालन प्रदेश सचिव एजाज अहमद ने किया।

# भाई पर लगाया मकान व जेवरात कब्जाने का आरोप


**चिलकाना।** पीड़ित युवक ने अपने भाई पर माता पिता के स्वर्गवास के बाद हिस्से का मकान व जेवरात कब्जाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच में जुटी।

ग्राम फिरोजाबाद के निकट डेरा निवासी पीड़ित सुच्चा सिंह पुत्र पूरन सिंह ने अपने भाई पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके माता पिता के स्वर्गवास के बाद उसके हिस्से का सामान, नकदी, जेवरात आदि घर के अन्दर अलमारी में रखे हुए थे। जो भाई द्वारा पीड़ित की गैरमौजूदगी में निकाल लिये गये हैं। पीड़ित का आरोप है कि इन जेवरात में उसकी पत्नी के जेवर व उसके द्वारा कमाया गया धन भी रखा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने भाई से पत्नी के जेवर व कमाये गये रूपये देने के लिए कहा तो वह वायदे करता रहा, लेकिन न तो रूपये ही दिये ओर न ही जेवर। पीड़ित का आरोप है कि अब अपना सामान मांगने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित के मकान पर भी कब्जा कर लिया है। जिसके बाद से पीड़ित सुल्तानपुर में अस्थाई रूप से रहने लगा है। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर विपक्षी से अपने जान माल की सुरक्षा करने, उसका मकान, सामान व रूपये वापस दिलवाये जाने तथा विपक्षी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# जन चौपाल में छात्राओं से सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की महिला मिशन शक्ति टीम ने कस्बे के एचपी इंटर कालेज में जन चौपाल का आयोजन कर छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को उनकी सुरक्षा अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।



मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो स्क्वॉड की प्रभारी मिथलेश राठौर तथा होमगार्ड जवान सुधीर की अगुवाई में टीम ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। टीम ने सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिससे छात्राएं स्वावलंबी बन सकें विशेष रूप से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्टिंग जैसे बढ़ते खतरे पर जोर दिया गया। छात्राओं को समझाया गया कि ऑनलाइन फोन कॉल, मैसेज या लिंक से कैसे सावधान रहें और फर्जी कॉलर से कैसे बचें। छात्राओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम उनके मनोबल को बढ़ाते हैं। यह प्रयास न केवल छात्राओं की सुरक्षा को मजबूत करेगा।

## बंधक बना दुष्कर्म का आरोपी पकडा

**गंगोह।** नाबालिग को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के साथ ही पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही शुरु करदी है।

कोतवाली अन्तर्गत एक गांव की निवासी एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में पीडिता के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोपी को भगाने में उसकी चाची को भी आरोपी किया गया है। आरोपी का नाम शिवम पुत्र राजकुमार बताया गया है। आरोपी को पकडने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक खुशबु, हेड कांस्टेबिल राहुल कुमार, महिला कांस्टेबिल शीतल व संगीता रहें।

# हैंडबॉल में बीएसएम व वॉलीवाल में हर्ष मॉडर्न चैम्पियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 'अस्मिता लीग' के हैंडबॉल में बीएसएम इन्टर कालेज व वालीवाल में हर्ष मॉडर्न पब्लिक स्कूल चैम्पियन बना।



डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा ने किया। 13 टीमों की भागीदारी वाली हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बीएसएम इंटर कॉलेज ने स्टेडियम की टीम को 3-0 से हराकर खिताब जीता। सना, अंजलि और सृष्टि ने एक-एक गोल किया। सेमीफाइनल में स्टेडियम ने खालसा पब्लिक स्कूल को 2-0 से और बीएसएम ने बजाज इंटरनेशनल को 3-0 से हराया था। 8 टीमों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में 'हर्ष मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने स्टेडियम-बी टीम को 15-10, 15-08 से हराकर खिताब अपने नाम किया'। स्टेडियम-बी टीम उपविजेता रही। सेमीफाइनल में हर्ष मॉडर्न ने स्टेडियम-ए को 15-10 से और स्टेडियम-बी ने खालसा पब्लिक स्कूल को 15-9 से हराया था।

निर्णायक मंडल में धर्मेंद्र प्रताप, मुस्तकीम अंसारी, श्री मनीष कुमार, श्रीमती निशु राणा, सुश्री छवि, श्रीमती पवनेश, सतीश कुमार, श्रीमती तंजीम, यशपाल पुंडीर, श्री आचार्य भीम शामिल रहे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, स्पेपीएल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक कंबोज, सुश्री भावना तोमर, मनोज प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता ने किया।

# जोनल कार्यालय पर नगर आयुक्त शिपू गिरी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नुमाईश कैंप स्थित जोनल एक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां आये कुछ लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पेयजल के लिए कूलर लगवाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को सात दिन के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन्म-मृत्यु से सम्बंधित रजिस्टर का भी अवलोकन किया।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज औचक निरीक्षण के लिए नुमाईश कैंप स्थित जोनल कार्यालय एक पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहां मौजूद कुछ लोगों से उन्होंने आने का कारण पूछा तो दो लोगों ने बताया कि वह अपनी प्रोपर्टी का टैक्स जमा कराने आये है, लेकिन बताया जा रहा है कि अभी सॉफ्टवेयर चल नहीं रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जोनल एक से सम्बंधित कर अधीक्षक को मैनुअल रुप से टैक्स जमा कर रसीद देने के निर्देश दिए। जिस पर दोनों भवन स्वामियों का टैक्स जमा कर तत्काल उन्हें रसीद प्रदान की गयी।

नगरायुक्त को अपनी बच्ची के साथ आये एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बच्ची छठी कक्षा की छात्रा है और उसे स्कूल के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उसका आरोप था कि वह पिछले करीब एक माह से घूम रहा है। इस पर नगरायुक्त ने उक्त व्यक्ति को उसकी बच्ची का जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कराया। जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के दो अन्य आवेदकों ने बताया कि उन्हें अपनी फाइलों का ही पता नहीं है कि वे कहां है। इस पर नगरायुक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण से सम्बंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। अवलोकन में पाया गया कि एसडीएम सदर के यहां उक्त दोनों फाइलें रिसीव हो चुकी है। उनके अलावा करीब दो सौ फाइलें एसडीएम सदर के यहां पैंडिंग पड़ी हैं। इस पर उन्होंने जोनल प्रभारी एवं सहायक नगरायुक्त जे पी यादव को उनकी ओर से एक रिमाइंडर लिखने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने कहा कि वह सात दिन के बाद पुनः निरीक्षण करेगे। इस दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान जोनल एक से सम्बंधित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# कष्ट दूर करती है मां बगलामुखीः कालेन्द्रानन्द



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में मां बगलामुखी जन्मोत्सव अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा मां बगलामुखी कष्टों का नाश करने वाली ब्रह्म विद्या है।

राधा विहार स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मां बगलामुखी जन्मोत्सव पूजा अवसर पर मां बगलामुखी प्रतिमा का विधिवत पूजन पंडित योगेश तिवारी एवं पंडित ऋषभ शर्माने में मंत्र उच्चारण कर पूजन कराया और मां भगवती बगलामुखी का बगलामुखी सहस्त्रनाम से हरिद्रार युक्त जल से महा अभिषेक कराया। इसके उपरांत मां भगवती का श्रृंगार कर महा आरती उतारी गई और बगलामुखी यज्ञ भी किया गया। मां बगलामुखी चरित्र महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि मां बगलामुखी आदिशक्ति ब्रह्म विद्या है जो मां शक्ति का ब्रह्मरंध्र महा तेज पुंज है जिसमें समस्त ब्रह्म अग्नि साक्षात वास करती हैं। इसी आधार पर मां आदि शक्ति बगलामुखी समस्त तामसिक भावों को जलाकर राख कर देती हैं और अपने भक्तों का कल्याण करती है। मां बगलामुखी प्रकृति विद्या है जो 10 महाविद्या में विशेष स्थान रखती हैं और तुरंत फल देने वाली देवी हैं। इस अवसर पर रमेश चंद शर्मा, राकेश राय, अश्विनी काम्बोज, सागर गुप्ता, बबीता, तन्नू, रेखा, पूनम, गीता, कमलेश, सविता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भोट क्षेत्र में डीसीएम ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, चालक की मौत

## हादसे में ट्रैक्टर सवार दो लोग हुए घायल, एक मुरादाबाद रेफर

### परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गुरुवार की देर रात भोट थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर पीछे से आ रही एक डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका बहनोई व एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकाला। शव पोस्टमार्टम को भेजने के बाद पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर बहनोई की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। जबकि एक घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

हादसा गुरुवार की देर रात भोट थाना क्षेत्र के ग्राम कोयली के पास हुआ। गंज कोतवाली क्षेत्र के सैजनी नानकार निवासी फिरासत ट्रैक्टर चालक था। गुरुवार की देर रात वह भूसा लेने के लिए ट्रैक्टर से कोयली गांव जा रहा था। उसके साथ में गांव निवासी बहनोई मुकर्रम व एक मजदूर महबूब भी था। बताते हैं कि जैसे वह लोग कोयली गांव के पास पहुंचे तभी हाईवे पर पीछे से आ रही डीसीएम ने ट्राली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार था कि ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई और सभी नीचे दब गए। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया। कुछ राहगीरों ने जब हादसे को देखा तो भोट थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकाला लेकिन तब तक फिरासत की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा। जहां पर मुकर्रम की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। जबकि महबूब का उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वह भी रोते-बिलखते परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

# 11 सेंटरों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगी होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## एएसपी ने पुलिस लाइन में बैठक कर अधीनस्थों को दिए निर्देश

### तीन दिन तक दो पालियों में होने वाली परीक्षा में शामिल होंगे 16704 परीक्षार्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले में होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। इसके लिए जिले भर में 11 सेंटर बनाए गए हैं। इन केंद्रों में तीन दिन तक दो पालियों में होने वाली परीक्षा में करीब 16704 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए हर सेंटर पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। इसके अलावा सेक्टर, जोनल, नोडल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा सुरक्षा के लिहाज से एएसपी के अलावा पांच सीओ व 13 इंस्पेक्टर समेत कई पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया जाए। शनिवार से होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू होनी है। यह परीक्षा तीन दिन तक दो पालियों में चलेगी। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन पिछले कई दिनों से कवायद कर रहा है। परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों का चयन होने के बाद से लगातार एएसपी अनुराग सिंह वहां का दौरा कर व्यवस्थाओं को चेक कर रहे हैं। इसके अलावा प्रधानाचार्य व नामित मजिस्ट्रेट के साथ बैठक करके नकल विहीन परीक्षा कराने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसी के तहत शुक्रवार को फिर एएसपी ने सभी के साथ पुलिस लाइन में बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस संबंध में एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह दस बजे और दूसरी पाली दोपहर को दो बजे शुरू होगी। करीब 16704 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। प्रति पाली 2743 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए 11 सेक्टर, 11 नोडल और 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं जो परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमण पर रहेंगे। इसके अलावा परीक्षाथियों को केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए सिविल लाइंस, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। वहीं सुरक्षा के लिहाज से वह खुद मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पांच सीओ, 13 इंस्पेक्टर और अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहेंगे।

# कॉपी राइट कर नकली सामान बेचने में फंसा दुकानदार, रिपोर्ट

## चंडीगढ़ की एक कंपनी के नकली उत्पाद बेच रहा था दुकानदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** चंड़ीगढ़ की एक कंपनी के नकली उत्पाद बेचने के मामले में एक दुकानदार फंस गया है। कंपनी के जांच अधिकारी ने जब दुकान में दबिश दी तो कापी राइट कर सभी उत्पाद नकली बेचने का मामला पकड़ में आ गया। इसके बाद उन्होंने पूरा सामान जब्त कर लिया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। उनकी तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चंडीगढ़ में स्पीड सर्च सिक्योरिटी नेटवर्क के नाम से एक कंपनी है। यह कंपनी विभिन्न प्रोजेक्ट तैयार करती है। यहां पर शिवम गुप्ता जांच अधिकारी के पद पर तैनात है। शिवम गुप्ता के अनुसार कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि रामपुर में एक दुकानदार कापीराइट कर कंपनी के नकली उत्पादों की बिक्री कर रहा है। जिससे कंपनी की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। शिवम गुप्ता के अनुसार इसके बाद वह रामपुर पहुंचे और शहर कोतवाली क्षेत्र में नगर पालिका के पीछे मोहल्ला घेर दरिया खां स्थिति नईम अहमद की दुकान पर छापा मारा। वहां पर उनको भारी मात्रा में कंपनी के नाम के नकली उत्पाद मिले। इसके बाद उन्होंने सभी सामान को जब्त कर लिया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। शिवम की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुकानदार नईम अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हनुमान जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** श्री बाला जी समिति की बैठक में हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। मोहल्ला खारी कुआं में हुई बैठक में अध्यक्ष राजीव नंदन ने कहा कि 25 अप्रैल को हनुमान जयंती है। इस मौके पर हर साल समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली जाती है। इस बार भी खारी कुआं से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए यहीं पर आकर समाप्त होगी। बैठक में उन्होंने यात्रा को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी। इस मौके पर विमला अग्रवाल, अशोक कुमार सक्सेना, चेतन प्रकाश अग्रवाल, अनिल राज अग्रवाल, प्रशांत राज, सूरज कुमार गुप्ता और निकेत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# उप प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय पर हंगामा करने पर कई किसान फंसे

## सिविल लाइंस कोतवाली में किसान नेता समेत कई पर हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उप प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय पर बिना परमीशन धरना-प्रदर्शन और हंगामा करने व अधिकारियों से अभद्रता करने के मामले में किसान नेता समेत कई फंस गए हैं। उप प्रभीय वनाधिकारी ने सभी के खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि किसान नेता समेत पिछले दिनों लकड़ी से लदी पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ने का भी दबाव बना रहे थे।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में न्यू केबी नुमाइश ग्राउंड पनवड़िया के पास उप प्रभागीय वनाधिकारी का कार्यालय है। वनाधिकारी ओम प्रकाश राम का कहना है कि गुरुवार को वह अपने कार्यालय पर सरकारी काम निपटा रहे थे। उनके साथ कार्यालय में पूरा स्टॉफ भी था। तभी दोपहर करीब सवा 12 बजे भारतीय किसान मजदूर संगठन रामपुर के जिलाध्यक्ष शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नगली भगवंत निवासी संजोर अली पाशा, सुहेल पाशा समेत हनीफ, असब अली पाशा, जगदीश, राशिद और जाहिद करीब 35 अन्य लोगों के साथ कार्यालय आ गए। यहां पर उन्होंने बिना अनुमति के धरना-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और लाउडस्पीकर के माध्यम से नारेबाजी करने लगे। इतना ही नहीं उन्होंने कार्यालय का गेट भी बंद कर दिया। जिससे सरकारी काम प्रभावित हुआ। ओमप्रकाश राम के अनुसार वह लोग वार्ता करने के लिए उनको मौके पर बुलाने लगे। जिस पर उन्होंने किसानों से कहा कि वह कार्यालय पर आकर अपनी बात कह सकते हैं और ज्ञापन दे सकते हैं। आरोप है कि इसके बाद भी सभी अपनी जिद् पर अड़ रहे और धरना-प्रदर्शन करने के साथ ही अभद्रता करने लगे। राजकीय कार्य प्रभावित होने पर उन्होंने आला अधिकारियों के साथ ही पुलिस को सूचना दी। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में प्रभागीय निदेशक ने संजोर अली पाशा और उनके साथियों को बुलाकर वार्ता की। उनका कहना है कि पिछले दिनों अवैध लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को ग्राम नुसरतनगर में पकड़ा गया था। इस संबंध में संजोर अली पाशा आदि के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज है। सभी लोग वह ट्रैक्टर ट्राली को भी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। वार्ता करने के बाद जब सभी चले गए तो उन्होंने सिविल लाइंस कोतवाली में मामले को गंभीर बताते हुए तहरीर दी। जिसके आधार पर संजोर अली पाशा, सुहेल पाशा, हनीफ, असब अली पाशा, जगदीश, राशिद, जाहिद व 30-35 अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


# प्रेम-प्रसंग में एक वर्दी दूसरी वर्दी को कर रही है परेशान

## सीआरपीएफ में तैनात महिला कांस्टेबिल को उसका आर्मी वाला पति कर प्रताड़ित

## महिला कांस्टेबिल ने पति समेत अन्य के खिलाफ सिविल लाइंस में कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** यह मामला तो सबसे अलग है, अगर हकीकत में इस मामले के संबंध में बात की जाए तो मालूम पड़ता है कि देश की सुरक्षा की शपथ लेने वाले अपने घर की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं। एक वर्दीधारी खुद दूसरी वर्दीधारी को परेशान कर रहा है। वजह क्या है केवल प्रेम प्रसंग। वर्दीधारी पुलिस को दूसरी महिला से प्यार है तो वह अपनी धर्मपत्नी का ही अनादर कर रहा है। प्रेम प्रसंग में पत्नी से दहेज की मांग करता है। न देने पर अपनी प्रेमिका के पास रहता है। इतना ही नहीं वह अपनी प्रेमिका को उसके भाई के घर से भगा भी ले गया। उत्तराखंड के ऊधमसिंह जिले के एक थाने में रिपोर्ट भी हुई लेकिन बालिग होने के कारण पुलिस ने एफआर लगा दी। वर्दीधारी पति की हरकतों से तंग आकर महिला



ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पति व अन्य ससुरालियों के खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के सांई विहार निवासी महिमा तोमर का कहना है कि सीआरपीएफ में कांस्टेबिल के पद पर तैनात हैं। मौजूदा समय में उसकी तैनाती ग्रुप सेंटर बैंग्लौर में हैं। महिमा के अनुसार उसका विवाह बरेली जिले के थाना बहेड़ी के ग्राम मिन्तरपुर निवासी अरविंद श्रीवास्तव के बेटे अमन के साथ तय हुआ था। अमन आर्मी में एनआर गनर के पद पर तैनात हैं। नवंबर वर्ष 2022 में उसकी शादी रामपुर स्थित एक मैरिज हाल में धूमधाम से हुई थी। पीड़िता के अनुसार शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति अमन का व्यवहार बदल गया। वह किसी ज्योति नाम की लड़की से बात करता था। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि ज्योति उसकी प्रेमिका है और दोनों का कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। महिमा के अनुसार उसने जब विरोध किया तो पति मारपीट करने लगा। अक्सर वह छुट्टियों पर आता लेकिन कुछ दिन घर में रहता है और बाकी दिन अपनी प्रेमिका के पास गुजारता। इतना ही नहीं छुट्टियों से जाने के बाद न तो वह फोन करता है और न ही उसका फोन उठाता है। पति का बड़ा भाई अनिल श्रीवास्तव भी आर्मी में पैरा कमांडों है। उससे शिकायत करने पर कहता है कि वह अपने भाई को बचा लेगा। आरोप है कि पति अपनी प्रेमिका ज्योति को उसके भाई के घर से भगाकर ले गया। इस संबंध में ज्योति के भाई ने रंपुरा चौकी रुद्रपुर में रिपोर्ट भी कराई थी लेकिन पैरवी न होने के कारण पुलिस ने एफआर लगा दी। अब पति जब भी छुट्ट्टी लेते हैं तो उसके पास नहीं आते हैं। वह अपनी मां के साथ रहती है। पति अमन के घर वालों से बात करने पर वह लोग यह कहकर टाल देते हैं कि उनकी भी कोई बात नहीं होती है। काफी प्रयास करने के बाद भी जब हालात नहीं सुधरे तो पीड़िता ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर सिविल लाइंस कोतवाली में पति अमन, सास मीना देवी, जेठ अनिल व अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

# 26 को होगी पासिंग आउट परेड, रिहर्सल का एसपी ने किया निरीक्षणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण हासिल कर रहे रिक्रूट्स का अब सपना पूरा होने वाला है। इन डोर व आउट डोर परीक्षा संपन्न होने के बाद अब वह दिन आने वाला है, जिसका हर किसी प्रशिक्षण हासिल करने वालों का सपना होता है। यानि की 26 अप्रैल को पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया जाएगा। इस परेड के बाद प्रशिक्षण हासिल कर चुके रिक्रूट्स को नई तैनाती दी जाएगी। आज पासिंग आउट परेड का रिहर्सल हुआ। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।



लंबे समय से पुलिस लाइन में रिक्रूट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। करीब एक माह पहले प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनडोर व आउटडोर परीक्षाएं भी हुई थीं। वहीं प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर एसपी व एएसपी ने परेड का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए थे। ताकि रिक्रूट्स पुलिसिंग की हर बारीकी को अच्छी तरह से समझ सकें। अब प्रशिक्षण पूरा होने के बाद पासिंग आउट परेड का समय आ गया है। लिहाजा इसको लेकर पुलिस लाइन में तैयारियां तेज हो चुकी हैं। शुक्रवार को पासिंग आउट की रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। एसपी सोमेंद्र मीना ने परेड की सलामी लेने के साथ ही निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने टोलीवार मार्च पोस्ट का अवलोकन किया गया। रिक्रूट महिला आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्नआउट और कदमताल के समन्वय की सराहना करते हुए इसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम बताया। रिहर्सल के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई, ताकि मुख्य समारोह के समय प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर एसपी सोमेंद्र मीना ने कहा कि महिला आरक्षियों का यह बैच न केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ाएगा, बल्कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने में सेतु का कार्य करेगा। परेड संबोधन के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों को पीड़ित केंद्रित पुलिसिंगके लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का निस्तारण अत्यंत संवेदनशीलता के साथ कर सकें।

# भाजपा कार्यालय वाली सड़क पर लगा ट्रांसफार्मर धूं-धूंकर जला

## गर्मी की वजह से ओवरलोड होने की जताई जा रही है आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** वक्त के साथ बढ़ रहा गर्मी का सितम अब बिजली व्यवस्था पर भारी पड़ने जा रहा है। शुक्रवार को ओवरलोड होने के कारण लक्ष्मीनगर स्थित भाजपा कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर लगा ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गया। तेज फाल्ट के बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई। कुछ देर में ही वह धूं-धूंकर जलने लगा। इसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के साथ ही बिजली कर्मियों को सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। जिस कारण लोगों का गर्मी में जीना दुश्वार हो गया। खबर लिखे जाने तक कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था बिजली कर्मियों द्वारा



नहीं की गई थी।

अप्रैल माह में गर्मी का सितम चरम पर पहुंच चुका है। आलम यह है कि अभी से पड़ने वाली गर्मी मई-जून का अहसास करा रही है। सुबह 11 बजे के बाद आलम यह हो जाता है कि बाजार व सड़कें सुनसान हो जाती है। लोग घर या फिर कार्यालय में कैद हो जाते हैं। गर्मी के सितम को देखते हुए डीएम व स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर दी है। जिसके तहत दोपहर में घर या फिर कार्यालय से न निकलने की सलाह दी जा रही है। शुक्रवार को भी दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। जहां एक ओर गर्मी का सितम बढ़ रहा है तो वहीं बिजली भी दगा देने लगी है। जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। रोजाना होने वाली अघोषित कटौती से लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है और वह चिड़चिड़पन का शिकार हो रहे हैं। आज भीषण गर्मी के कारण लक्ष्मी नगर में भाजपा कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर लगा ट्रांसफार्मर दगा दे गया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे ओवरलोड होने के कारण तेज फाल्ट हुआ और ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते वह धूं-धूंकर जलने लगा। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस व बिजली कर्मचारियों को दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ट्रांसफार्मर फुंकने से कई इलाकों की बिजली गुल हो गई और लोग दोपहर में भीषण गर्मी में परेशान नजर आए।

# योग शिविर में छात्रों ने सीखे स्वस्थ रहने के गुर

## योगाचार्य राजीव कुमार द्वारा लगाया गया शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज आर्य के निर्देशन में योग 2026 कार्यक्रम के तहत जगह जगह कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 365 दिन योग थीम की तैयारी को लेकर किला मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसे के 50 बच्चों ने योग क्रियाएं सीखी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम और योगासन कराए। उन्होंने



कहा कि अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करें। बच्चे ही देश का भविष्य होते है, बचपन से यदि योग करने की आदत डाल लें तो भविष्य में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है, सरकार भी आयुष विभाग के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य शरीर रखने के लिए प्रचार प्रसार में लगी है, जिसको लेकर देश भर में योग सेंटर खोले गए हैं। उन्होंने कहा नियमित योग करें, अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए प्रतिदिन योग अपनाए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें। भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवनमुक्तासन,उत्तानपादासन, हलासन आदि योगासन कराए। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक योग अभ्यास का आनंद लिया। इस मौके पर अर्चना गुप्ता एवं मदरसा शिक्षक का सहयोग रहा।

# अधिवक्ता हत्याकांड के बाद सुर्खियों में आए कोतवाल संजीव कुमार हुए लाइन हाजिर

## आए दिन होने वाले हंगामों के कारण सिविल लाइंस से भेजे गए थे स्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** फरवरी माह में सिविल लाइंस क्षेत्र में हुए अधिवक्ता हत्याकांड के बाद सुर्खियों में आए तत्कालीन कोतवाल संजीव कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मौजूदा समय में वह स्वार कोतवाली के इंचार्ज थे। इस हत्याकांड के बाद आए दिन अधिवक्तओं द्वारा किए जाने वाले हंगामों के कारण संजीव कुमार को सिविल लाइंस से हटाकर स्वार कोतवाली का प्रभार सौंप दिया गया था। अब उनके स्थान पर पुलिस लाइन मे तैनात निरीक्षक अनुपम शर्मा को स्वार कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। हालांकि इस मामले में अधिकारी प्रशासनिक तौर पर तबादला किए जाने की बात कह रहे हैं।

फरवरी माह में सिविल लाइंस कोतवाल संजीव कुमार अधिवक्ता हत्याकांड के बाद अचानक सुर्खियों में आ गए थे। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में जिला पंचायत का कार्यालय है। यहां पर शहर कोतवाली क्षेत्र के नालापार जुम्मा बाजार निवासी अधिवक्ता फारूख खां की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप कार्यालय में तैनात बाबू असगर अली पर लगा था, जो कि मौजूदा समय में जेल में बंद है। घटना के संबंध में यह बताया गया था कि अधिवक्ता फारूख खां की पत्नी गौशिया निशा भी वहां पर बाबू के पद पर तैनात है। आरोप है कि जिला पंचायत में तैनात अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी के भड़काने पर बाबू असगर अली महिला बाबू गौशिया निशा के साथ अभद्रता करता था। घटना के दिन भी उसने अभद्रता की थी। इसकी जानकारी गौशिया निशा ने अपने अधिवक्ता पति फारूख को दी तो वह कुछ लोगों के साथ बाबू से बात करने गया था। जहां पर बाबू असगर अली ने अधिवक्ता के गोली मार दी। बाद में खुद को गोली मारकर जिला अस्पताल पहुंच गया। इस घटना के बाद अधिवक्ता आक्रोशित हो गए थे। उन्होंने तत्कालीन सिविल लाइंस कोतवाल संजीव कुमार को हत्याकांड का जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर हंगामा किया था। न्यायिक कार्य से विरत होने के साथ ही अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। वह लोग संजीव कुमार को सस्पेंड करने की मांग कर रहे थे। आए दिन होने वाले हंगामों के कारण तत्कालीन एसपी ने संजीव कुमार को यहां से हटाकर स्वार कोतवाली का चार्ज दे दिया था। इसके बाद मामला शांत हुआ था। अब एसपी सोमेंद्र मीना ने स्वार कोतवाल संजीव कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर लाइन में तैनात निरीक्षक अनुपम शर्मा को चार्ज दिया गया है। हालांकि लाइन हाजिर करने की कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। अधिकारी इसे प्रशासनिक तौर पर होने वाला तबादला बता रहे हैं।

# साई सुदर्शन ने तीसरा आईपीएल शतक जड़ा

### सुदर्शन ने 58 गेंद में बनाए 100 रन गुजरात ने बेंगलुरु को 206 रन का टारगेट दिया

**बेंगलुरु, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन के शतक की बदौलत रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 206 रन का टारगेट दिया। सीजन के 34वें मुकाबले में बेंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। शुक्रवार को गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 205 रन बनाए।

सुदर्शन ने 100 रन की पारी खेली, जो उनका आईपीएल में तीसरा शतक रहा। उनके अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 32 रन बनाए। जेसन होल्डर 10 बाल पर 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा और भुवनेश्वर कुमार को एक-एक विकेट मिला। क्रुणाल पंड्या के आखिरी ओवर में 18 रन आए और गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 205/3 का स्कोर बनाया। इस ओवर में जेसन होल्डर ने दो छक्के और एक चौका लगाया। पहली ही गेंद पर उन्होंने सिक्स लगाया, फिर तीसरी गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर एक और सिक्स लगा दिया। चौथी गेंद पर फुल टास को लान्ग आफ के पास से चौके में बदला। आखिरी गेंद पर वाशिंगटन सुंदर एक रन ही बना सके। साई सुदर्शन के शतक के दम पर गुजरात 12 ओवर में बिना विकेट 121 रन तक पहुंच गया था, लेकिन बाद के ओवरों में रन गति थोड़ी धीमी पड़ी और टीम 205 तक ही पहुंच सकी। 19वें ओवर से 8 रन आए। वाशिंगटन सुंदर और जेसन होल्डर ने मिलकर सिंगल-डबल के जरिए स्कोर आगे बढ़ाया। ओवर की आखिरी गेंद पर सुंदर को दो रन मिले। इससे पहले होल्डर को भी एक फुल टास पर कवर में मिसफील्ड का फायदा मिला। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को आउट कर गुजरात को एक और झटका दिया। बटलर 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लो फुल टास गेंद पर उन्होंने शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा जोश हेजलवुड के हाथों में चली गई। हेजलवुड के ओवर में 15 रन आए और एक बड़ा विकेट भी गिरा।



16वें ओवर में साई सुदर्शन 100 रन बनाकर आउट हो गए। हेजलवुड ने उन्हें बैक आफ लेंथ गेंद पर जल्दबाजी में शाट खेलने पर मजबूर किया, गेंद सीधे उन्हीं के हाथों में चली गई। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने आते ही आक्रामक अंदाज दिखाया। उन्होंने एक छक्का और चौका जड़ते हुए तेजी से रन बटोरे, जबकि जोस बटलर ने भी एक चौका लगाकर स्कोर आगे बढ़ाया। साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों में सेंचुरी जमाई। 15वें ओवर में सुयश शर्मा के खिलाफ तेजी से रन आए। जोस बटलर ने एक छक्का और चौका लगाया। सुदर्शन ने सिंगल लेकर अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन और गिल ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। गुजरात टाइटंस के लिए यह त्ब्ठ के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही। 13वें ओवर में सुयश शर्मा ने गुजरात को बड़ा झटका देते हुए शुभमन गिल को आउट कर दिया। गिल 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शार्ट लेंथ गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह टाइमिंग नहीं कर सके और गेंद लान्ग आन पर खड़े देवदत्त पडिक्कल के हाथों में चली गई। इस विकेट के साथ सुदर्शन और गिल के बीच शतकीय साझेदारी भी टूट गई। 13वें ओवर में सुयश शर्मा की गेंद पर साई सुदर्शन ने सिक्स लगा दिया। फुल लेंथ गुगली को आगे बढ़कर खेलते हुए उन्होंने लान्ग ऑफ के ऊपर से जोरदार छक्का जड़ दिया। 11वें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर शुभमन गिल ने शानदार शाट खेलते हुए अपना पहला सिक्स लगा दिया।

# सूजी टी-20 विश्व कप के बाद लेंगी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स इस वर्ा होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के बाद अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगी। न्यूजीलैंड ने घोाणा की है कि स्टार ऑलराउंडर सूजी बेट्स इस साल 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरु होने वाले टी-20 विश्वकप के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। उन्होंने 2006 में ललकन में भारत के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से लगातार अपने देश के लिए उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन किया है। 38 साल की बेट्स को अपने देश के लिए अब तक 362 अंतर्राट्रीय मैच खेले है।

बेट्स ने अपने 20 साल के करियर में सभी फॉर्मेट में कुल 14 शतक बनाए हैं और 145 विकेट लिए हैं, ये उनके करियर की कई खास उपलब्धियों में से कुछ हैं। उनका सर्वश्रेठ एकदिवसीय स्कोर 168 रन था, जो उन्होंने 2009 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। इसके अलावा, 2022 में अपने घरेलू मैदान पर इसी टूर्नामेंट में इसी टीम के खिलाफ उन्होंने फिर से तिहरे अंकों (शतक) का आंकड़ा छुआ था। अपने शानदार करियर के बारे में बात करते हुए, बेट्स ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा कि जब मैं पिछले बीस से ज्यादा सालों को पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे यकीन ही नहीं होता कि समय इतनी तेजी से कैसे बीत गया। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार 'फर्न' (न्यूजीलैंड टीम का प्रतीक) पहना है। उन्होंने कहा कि इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, टीममेट, क्रिकेटर और एथलीट बनने की हर दिन को. शिश करने में मुझे बहुत मकसद और खुशी मिली है।

## खेल विशेष

### यूएई के कप्तान वसीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वसीम को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-7 से संबंधित 'स्तर 1' के उल्लंघन का दोाी पाया गया। यह अनुच्छेद किसी अंतर्राट्रीय मैच में हुई घटना, या किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायता कर्मी, मैच अधिकारी या किसी अंतर्राट्रीय मैच में भाग लेने वाली टीम के बारे में सार्वजनिक रूप से आलोचना करने या अनुचित टिप्पणी करने से संबंधित है, चाहे ऐसी आलोचना या अनुचित टिप्पणी कभी भी की गई हो। यह घटना मंगलवार को कीर्तिपुर में नेपाल के खिलाफ यूएई के दूसरे टी20 मैच के बाद हुई, जब मैच के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वसीम ने कहा कि अंपायरिंग पक्षपातपूर्ण थी।

### मुस्तफिजुर-नाहिद पीसीएल 2026 के बचे हुए मैच नहीं खेलेंगे

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और नाहिद राणा के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वापस ले लिए हैं। अब ये दोनों खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) 2026 के बचे हुए मैचों में अपनी फ्रेंचाइजियों के लिए नहीं खेल पाएंगे। मुस्तफिजुर रहमान लाहौर कलंदर्स और नाहिद राणा पेशावर जाल्मी का हिस्सा थे। ये दोनों खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बोर्ड ने स्पट किया है कि मुस्तफिजुर घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं राणा के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए उन्हें आराम दिया गया है। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि मुस्तफिजुर के घुटने की स्थिति का आकलन करने के लिए उनका तत्काल स्कैन कराया जाएगा। इसके बाद वे बोर्ड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम शुरू करेंगे।

### वालेजो ने दिमित्रोव को चौंकाया, सितसिपास बड़े खतरे से बाल-बाल बचे

**मैड्रिड, वार्ता।** पैराग्वे के क्वालिफायर अडोल्फो डेनियल वालेजो ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में अपने एटीपी मास्टर्स 1000 डेब्यू पर जीत हासिल की। उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। 21 साल के वालेजो मास्टर्स 1000 में मैच जीतने वाले पैराग्वे के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। 1990 में इस सीरीज की शुरुआत के बाद से, वह रामोन डेलगाडो के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। वालेजो का अगला मुक. ाबला लर्नर टिएन से होगा। वाले. जो ने जीत के बाद कहा कि यह अविश्वसनीय है। यह किसी फल्मि जैसा लग रहा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है। मैं (दिमित्रोव) को और उनके सभी हाइलाइट्स को देखा करता था।

# कम्बोज का पर्पल कैप पर फिर कब्जा

### ऑरेंज कैप दौड़ में तीसरे नम्बर पर पहुंचे सैमसन

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 101 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंच गये है। वहीं उसके साथी अंशुल कम्बोज ने एक बार फिर से पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है।



संजू सैमसन ने इस सीजन लगे चार में से दो शतक लगाए हैं और उनके नाम 293 रन हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) की जोड़ी अभिोक शर्मा (323 रन) और हाइनरिक क्लासन (320 रन) अब भी शीा दो में हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू और गुजरात टाइटंस के बीच शुक्रवार की रात होने वाले मैच के बाद ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो सकता है। 265 रनों के साथ शुभमन गिल चौथे स्थान पर हैं।

247 रनों के साथ विराट को. हली छठे और 230 रनों के साथ रजत पाटीदार नौवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप के मामले में सैमसन के साथी खिलाड़ी अंशुल कम्बोज ने एक बार फिर पर्पल कैप वापस हासिल कर ली है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स के प्रिंस यादव 13 विकेटों के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। कम्बोज के नाम अब तक 14 विकेट हो चुके हैं। एसआरएच के ईशान मलिंगा और जीटी के प्रसिद्ध कृणा दोनों के नाम 12 विकेट हैं। आरसीबी के खिलाफ कृणा एक्शन में होंगे तो इस तालि. का में भी बदलाव हो सकता है।

# पंजाब किंग्स का विजय रथ रोकने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** यह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का वह मुकाबला है जिसका सबको इंतजार रहता है, एक अजेय टीम का सामना एक ऐसी टीम से हो रहा है जो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए संघा कर रही है, और यह हाई-स्कोरिंग मुकाबला यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब किंग्स इस दिन के मुकाबले में अब तक टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम के तौर पर उतर रही है, वह अजेय है और आत्मविश्वास से लबरेज है।



अब वह जो भी मैच खेलेगी, उस पर उम्मीदों का भारी दबाव होगा, न सिर्फ मैच जीतने का, बल्कि उस जीत की लय को बनाए रखने का, जिसने पूरे लीग में सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स लगातार अच्छा प्रदर्शन न कर पाने की समस्या से जूझ रही है, उन्हें पता है कि अगर उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा, तो वे प्लेऑफ की दौड़ से और भी ज्यादा दूर हो जाएंगे। यहीं पर जीत की लय और हताशा का आमना-सामना होता है। दिल्ली का अब तक का सफर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बजाय बीच-बीच में की गई अच्छी पारियों से ही पहचाना गया है। पारी की शुरुआत में, पथुम निसंका और केएल राहुल से एक मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी, कुछ ऐसा जिसकी इस टीम को अहम मौकों पर हमेशा कमी खली है। समीर रिजवी और नीतीश राणा ने पारी की गति बढ़ाने की अपनी क्षमता दिखाई है, जबकि मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की मौजूदगी दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचने की ताकत देती हैं, बशर्ते टीम की नींव मजबूत रखी गई हो। टीम का संतुलन काफी हद तक कप्तान अक्षर पटेल पर निर्भर करता है, उनका हरफनमौला प्रदर्शन इस मैच में बेहद अहम साबित होगा - खासकर पंजाब की उस बल्लेबाजी इकाई के सामने, जिसने इस सीजन में गें. दबाजों पर पूरी तरह से अपना दबदबा बनाए रखा है।

# RR के गढ़ में सेंध लगाने उतरेंग SRH

**जयपुर, वार्ता।** जयपुर में हैदराबाद की 'रन मशीन' का मुकाबला राजस्थान की आखिरी उम्मीद से होगा, जब इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 36वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में एक हाई-स्कोरिंग मुक. ाबला होने की पूरी संभावना है।

इस मुकाबले में टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट का सामना एक ऐसी घरेलू टीम से होगा, जो अपने तेजी से आगे बढ़ रहे विरोधी को रोकना चाहती है और अपने अभियान पर फिर से पूरी तरह से नियंत्रण पाना चाहती है। दोनों टीमों में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की भरमार है, इसलिए इस मुकाबले में इस सीजन के सबसे ज्यादा चर्चित मैचों में से एक बनने की पूरी क्षमता है। हैदराबाद लगातार तीन मैच जीतकर जयपुर पहुंची है, धीमी शुरुआत के बाद उन्होंने अपनी लय वापस पा ली है।



